www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 335 || अम्बेडकरनगर
सोमवार
02 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:30
सूर्यास्त: 06:07
अधिकतम: 32°00
न्यूनतम: 16°00



पेज 07 »

विशेष समाचार आसान नहीं व्यापार समझौतों ... » पेज 04 | गर्लफ्रेंड की मौत के बाद ... » पेज 06 | अक्षरा ने पवन सिंह को बढ़ावा...

## इजरायल-ईरान तनाव के बीच बढ़ी दहशत, ओमान तट पर भारतीय टैंकर पर हमला, 4 लोग घायल

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

### शोक

**इजराइल ने एक ईरानी मिसाइल को सीरिया के ऊपर इंटरसेप्ट किया है। एएफपी ने सीरियाई सूत्र के हवाले से बताया कि मिसाइल को हवा में ही मार गिराया गया।**

**ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशिकयान ने कहा है कि देश के सेनाएं दुश्मनों के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी रखेंगी। उन्होंने यह बयान सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद दिया।**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । इजराइल और अमेरिका ने पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इजराइली वायुसेना ने यह जानकारी दी है। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है।

खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं।


» (शेष पेज 06 पर)

**ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तेल टैंकर पर किया हमला, 15 भारतीय क्रू मेंबर थे सवार**

**इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। ईरान ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरु कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 8 लोगों की मौत हो गई है।**

**गम में डूबा शिया समुदाय**





**ईरान बोला- खतरनाक बदला लेंगे**

**अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए**

**पाक पीएम शहबाज शरीफ ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान की सरकार और लोग ईरान के लोगों के दुख और दुख की इस घड़ी में उनके साथ हैं और हिज एमिनेंस अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर गहरी संवेदना जताते हैं। पाकिस्तान इंटरनेशनल कानून के नियमों के उल्लंघन पर भी चिंता जताता है।'**

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व UAE में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

**दावा-खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर 2 साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे**



### यूरोप में ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका

अमेरिका और इजराइल के हमलों में खामेनेई की मौत के बाद जर्मन अधिकारियों ने यूरोप में संभावित जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है।


» (शेष पेज 06 पर)

### अमेरिका ने ईरान के युद्धपोत पर हमला किया

अमेरिका ने ईरान के जामारान क्लास के युद्धपोत पर हमला किया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। » (शेष पेज 06 पर)

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। वहीं, खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'



1980 में तेहरान यूनिवर्सिटी के बाहर बैठे खामेनेई। वो अपनी सादगी के लिए जाने जाते थे।

### ईरान पर हमले के बाद ट्रम्प के 5 बड़े बयान



- इतिहास के सबसे क्रूर नेताओं में से एक, अली खामेनेई अब मर चुका है।
- खामेनेई की मौत के बाद ईरान का नेतृत्व कौन करेगा, यह जानता हूं।
- अमेरिका बमबारी पूरे हफ्ते या जब जरूरत रहेगी तब तक जारी रहेगी।
- ईरानी सैनिकों सरेंडर कर दो, अभी माफी मिल सकती है, बाद में केवल मौत की सजा होगी।
- हमले का मकसद अमेरिकी लोगों की सुरक्षा और खतरे को खत्म करना था।

### इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग की टाइमलाइन

28 फरवरी
भारतीय समयानुसार

**सुबह 11:45 बजे**
इजराइल में एयर रेड सायरन बजे, नागरिकों को शेल्टर में जाने की चेतावनी।
इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कात्ज ने नेशनल इमरजेंसी घोषित की।

**सुबह 11:57 बजे**
ईरान की राजधानी तेहरान के कई इलाकों में धमाके इजराइल ने हमले की पुष्टि की
टारेगट- आईआरजीसी कमांड सेंटर्स, इस्फहान, कोम और करज के न्यूक्लियर साइट्स, सुप्रीम लीडर खामेनेई का घर
ईरान के मिनाब में एक लड़कियों के स्कूल पर हमला ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद किया

**दोपहर 1 बजे**
राष्ट्रपति ट्रम्प ने 8 मिनट का वीडियो पोस्ट कर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की घोषणा की।
ट्रम्प ने ईरानी लोगों से सत्ता परिवर्तन की अपील की।
ट्रम्प ने कहा कि हमले कई दिनों तक जारी रहेंगे।
इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने भी ईरान में सत्ता परिवर्तन का समर्थन किया।

**दोपहर 3 बजे**
ईरान ने इजराइल पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन जवाबी हमले शुरू किए।
बहरीन, कतर, यूएई कुवैत, जॉर्डन, सऊदी अरब और इराक में अमेरिकी बेस पर अटैक।
इजराइल में सायरन बजे, ईरानी मिसाइलों को हवा में मार गिराया।

**दोपहर 4 से शाम 6 बजे**
अमेरिका-इजराइल की ईरान पर दूसरी और तीसरी वेव्स ऑफ स्ट्राइक्स
ईरान के मिसाइल इंडस्ट्री, नेवी और न्यूक्लियर साइट्स पर फोकस।
तेहरान में इंटरनेट ब्लैकआउट, कई शहरों में विस्फोट।

**शाम 6:30 बजे**
ईरान के मिसाइल हमले जारी, गल्फ देशों में एयर डिफेंस एक्टिव।
दुबई-अबू धाबी में कई फ्लाइट्स सस्पेंड।
अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कई दिनों तक ऑपरेशन जारी रखने की पुष्टि की।

**रात 9:30 बजे**
दुबई में पाम होटल और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला
बहरीन में रिहायशी इमारतों पर ईरान का ड्रोन हमला

**रात 1 बजे**
इजराइली पीएम बोले- ईरानी सुप्रीम लीडर की मौत के संकेत
इजराइल के अधिकारियों ने खामेनेई की मौत का दावा किया

**रात 3:07 बजे**
ट्रम्प ने खामेनेई की मौत का दावा किया

---

### फास्ट न्यूज

#### दावा-अजित का प्लेन क्रैश लैंडिंग से पहले पेड़ों से टकराया

नई दिल्ली । एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने बारामती प्लेन क्रैश पर 22 पेज की प्राइमरी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 28 जनवरी को मुंबई से बारामती जा रहे लियरजेट 45 XR एयरक्राफ्ट ने कम विजिबिलिटी के बावजूद रनवे पर लैंडिंग की।

दावा आरोप

#### पश्चिम बंगाल में 50 लाख घुसपैठिए वोटर लिस्ट से हटाए

कूच बिहार । भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने दावा किया कि बंगाल में 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से हटाया गया है।

नवीन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए, वे घुसपैठिए थे और वे असली नागरिकों के लिए बनी सरकारी नौकरियों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे।

#### महाराष्ट्र के नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट, 17 की मौत

नागपुर (महाराष्ट्र) । महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया।

हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

---

## योजना : कुपोषण पर उत्तर प्रदेश में 'डिजिटल' प्रहार

**योगी सरकार की 'हॉट कुक्ड मील' योजना से लाखों बच्चों को मिल रहा गरम खाना**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बाल पोषण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के सामने सशक्त उदाहरण पेश किया है। "पोषण 2.0" के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अब प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर 03 से 06 वर्ष की आयु के लगभग 36 लाख बच्चों को 'ताजा गर्म भोजन' (हॉट कुक्ड मील) उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार की यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास की समग्र रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

» (शेष पेज 06 पर)






### 300 दिन पोषण की पक्की गारंटी

इस योजना के तहत बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए साल में 300 दिन अनुपूरक पुष्टाहार सुनिश्चित किया गया है। व्यवस्था के अनुसार, माह में 25 दिन बच्चों को गर्म भोजन परोसा जाता है, जिसके लिए प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 4.50 रुपये की दर से बजट निर्धारित है। योगी सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है ताकि पोषण की धनराशि का सीधा लाभ बच्चों तक पहुँचे और आंगनबाड़ी व्यवस्था की विश्वसनीयता बनी रहे।

---

**विकसित भारत में तमिलनाडु का अहम योगदान : मोदी, तिरुप्परनकुंद्रम में मंदिर में पूजा की**

## तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स किए शुरू




### जनसभा

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई । PM नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी FM रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया।

इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए।

» (शेष पेज 06 पर)



मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पीएम ने पूजा-अर्चना की, दंडवत प्रणाम किया।

### तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं अपराध बढ़ रहा है- मोदी

हाल ही में मैंने सुना कि डीएमके के किसी व्यक्ति ने कहा कि उन्हें मेरे पिता या मुझसे डर नहीं लगता। मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में कोई किसी से नहीं डरता। इसलिए, जब कोई कहता है कि उन्हें मुझसे डर नहीं लगता, तो वे मेरी आलोचना नहीं कर रहे हैं; बल्कि वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं। आज तमिलनाडु की महिलाएं गंभीर संकट में हैं। अपराध बढ़ रहा है। लगभग हर दूसरे दिन महिलाओं के खिलाफ किसी न किसी अपराध की खबर सुनने को मिलती है। इसके अलावा, महिलाएं अपने परिवारों को ड्रग माफिया और शराब के चंगुल में बर्बाद होते देख रही हैं। उन्हें याद आता है कि अम्मा के समय उनका जीवन कितना बेहतर था।

---

**बयान : अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर साधा निशाना**

## '2027 में सपा सरकार बनाने का लक्ष्य'

**सामाजिक न्याय और संविधान बचाने की जिम्मेदारी सपा की - अखिलेश यादव**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संघर्ष करने को कहा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना और लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता तथा समाजवाद की रक्षा के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। » (शेष पेज 06 पर)

### किसान, नौजवान, महिलाएं और व्यापारी सभी परेशान

भाजपा सरकार पर विभिन्न वर्गों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान, नौजवान, महिलाएं और व्यापारी सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महापुरुषों का सम्मान नहीं किया और जनता का विश्वास खो दिया है। समाजवादी पार्टी सभी महापुरुषों का सम्मान करती है और जनता के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के विकास दावों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार नौ वर्षों में कोई उल्लेखनीय विकास कार्य नहीं कर सकी और निवेश के नाम पर भी कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

» (शेष पेज 06 पर)





**कार्यकर्ता एकजुट होकर लड़ाई लड़ें: अखिलेश**

**अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए सकारात्मक विचारधारा का प्रतीक है, जबकि भाजपा का एनडीए नकारात्मक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता, विशेषकर भाजपा सरकार से पीड़ित और उपेक्षित वर्ग, अब पीडीए के साथ खड़ा है और समाजवादी पार्टी से उम्मीद लगाए हुए है।**

---

## कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा : केजरीवाल

**मोदी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे**

### दहाड़

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि AAP को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले के में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। BJP नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है।

» (शेष पेज 06 पर)



**आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जंतर मंतर पर रैली को संबोधित किया।**

## महिला सशक्तिकरण का सशक्त मॉडल बना विद्युत सखी अभियान, ओटीएस में बना रिकॉर्ड

# विद्युत सखियों ने रचा इतिहास

**वृद्धि**

- हजारों दीदियाँ बनीं लखपति, बढ़ा मान-सम्मान
- ग्रामीण ऊर्जा सेवा में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल



विद्युत बिल कलेक्शन में विद्युत सखियों का अभूतपूर्व योगदान

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, साथ ही समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है। दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित बिजली बिल राहत (ओटीएस) योजना के दौरान कार्यक्रम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया। इस अवधि में कुल रू 657 करोड़ का बिल संग्रह हुआ, जिसमें दिसंबर 2025 में रू 349 करोड़, जनवरी 2026 में रू 188 करोड़ तथा फरवरी 2026 में रू 120 करोड़ का कलेक्शन शामिल है। लगभग 17.75 लाख बिलों का निस्तारण करते हुए रू 8 करोड़ से अधिक कमीशन अर्जित किया गया। इससे जहां उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में सुविधा और राहत मिली, वहीं विद्युत सखियों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। प्रदेश की 70 विद्युत सखियों ने ओटीएस स्कीम के अंतर्गत रू 1 -1 करोड़ से अधिक ( 70 विद्युत सखियो ने 70 करोड़ से अधिक) का बिल संग्रह कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इनमें सोनी द्विवेदी (अमेठी) द्वारा रू 3.1 करोड़, मेहर जहाँ (रामपुर) द्वारा रू 2.7 करोड़ तथा राजश्री शुक्ला (बाराबंकी) द्वारा रू 2.3 करोड़ का बिल संग्रह विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

### 3,227 करोड़ से अधिक का बिजली बिल संग्रह

मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, श्री दीपा रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा रू 3,227 करोड़ से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। रू 1.40 करोड़ बिलों का सफल संग्रह करते हुए रू 42 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया गया है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियाँ फील्ड में कार्यरत हैं, जो ग्रामीण उपभोक्ताओं तक अंतिम छोर तक सेवाएँ पहुँचा रही हैं।

### परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण के परिणामस्वरूप संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम आज ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व में परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी बन चुका है। यह पहल जहां एक ओर बिजली बिल संग्रह प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है, वहीं दूसरी ओर हजारों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का सशक्त माध्यम भी बनी है।

> जिला स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन सामने आया है। सहारनपुर, सुल्तानपुर, मेरठ और अमेठी जैसे जिलों ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। राज्य मिशन प्रबंधक एवं विद्युत सखी कार्यक्रम के प्रभारी आचार्य शेखर के अनुसार व्यक्तिगत स्तर पर भी अनेक प्रेरक उदाहरण सामने आए हैं।

## अजय राय लखनऊ में हाउस अरेस्ट पुलिस ने रोका तो भड़के

**तमसा संकेत, एजेंसी**



- बोले- मेरे जाने से क्या बदल जाएगा संविदाकर्मी की मौत पर शोक जताने जा रहे थे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय को रविवार शाम लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। वह लखनऊ- सीतापुर रोड स्थित ग्राम तरैया में करंट लगने से जान गंवाने वाले संविदाकर्मी लाइनमैन परशुराम रावत के परिजनों से मिलने जा रहे थे।

इसके पहले ही पुलिस टीम उनके पीजीआई स्थित आवास पहुंची और उन्हें रोक लिया। कांग्रेस ने कहा- सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पीजीआई इंस्पेक्टर ने अजय राय को मोबाइल फोन पर एक आदेश दिखाते हुए कहा कि ऊपर से निर्देश हैं, इसलिए उन्हें गांव जाने की अनुमति नहीं है। इस पर अजय राय ने पुलिस अधिकारियों से सवाल किया कि उनके वहां जाने से कानून-व्यवस्था की कौन सी समस्या उत्पन्न हो जाएगी? उन्होंने कहा, "क्या मेरे जाने से वह जिंदा हो जाएगा? क्या वह वापस आ जाएगा? आखिर ऐसा क्या कारण है कि मुझे शोक व्यक्त करने भी नहीं जाने दिया जा रहा है?" उन्होंने यह भी पूछा कि यदि कोई विशेष आदेश है तो उसे स्पष्ट रूप से बताया जाए। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार अजय राय को सायं 4:30 बजे ग्राम तरैया, सीतापुर रोड पहुंचना था। वहां वह बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान करंट लगने से मृत संविदाकर्मी परशुराम रावत के आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले थे।

**फास्ट न्यूज**

### गो प्रतिष्ठा धर्म युद्ध का शंखनाद

लखनऊ । ज्योतिषपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 'गो प्रविष्ठा धर्मयुद्ध' का शंखनाद करने की घोषणा की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, 30 दिनों की समय-सीमा पूरी होने के बाद 11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध की औपचारिक घोषणा की जाएगी। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने समर्थकों से 11 मार्च को लखनऊ पहुंचकर आंदोलन में सहभागिता की अपील की है।

### अपार्टमेंट की पार्किंग में लगी आग

लखनऊ । लखनऊ के हजरतगंज स्थित लालबाग इलाके में शनिवार शाम एक अपार्टमेंट की पार्किंग में आग लग गई जिससे वहां खड़े तीन वाहनों में आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी की जनहानि नहीं हुई है।

हजरतगंज के लालबाग स्थित केपी अपार्टमेंट (123/35) की पार्किंग में खड़ी स्कूटी में शनिवार शाम अचानक आग लग गई। देखते ही देखते स्कूटी से तेज लपटें उठने लगीं और आग ने बगल में खड़े ऑटो और वैगनआर कार को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### लखनऊ तहसील में युवक से मारपीट

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के सरोजनीनगर तहसील परिसर में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। खुर्रमपुर निवासी अभिषेक चौहान ने अपने गांव के सुनील सिंह और उनकी पत्नी सोनी सिंह पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभिषेक चौहान के अनुसार, वह शनिवार को किसी काम से सरोजनीनगर तहसील गए थे।

## इवेंट आर्गेनाइजर को लूटने वाले पांच लुटेरे गिरफ्तार

**तमसा संकेत, एजेंसी**



- ग्राइंडर ऐप से दोस्ती कर लखनऊ मिलने बुलाया, बोट क्लब में चेन-पर्स लूटा

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज इलाके में इवेंट ऑर्गेनाइजर को बंधक बनाकर लूट करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी काम देने के बहाने मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का सामान बरामद किया है।

निशातगंज न्यू हैदराबाद स्थित कलाकांकर कॉलोनी, ईसेंस रेजीडेंसी निवासी रोहित बंसल इवेंट ऑर्गेनाइजर हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने डेकोरेशन के सिलसिले में मिलने को कहा। गुरुवार शाम हजरतगंज स्थित बोट क्लब के पास पहुंच गए।

रोहित ने बताया वहां मिले युवक ने बातचीत के लिए उन्हें गोमती नदी किनारे चलने को कहा। वह उसके साथ वहां पहुंच गए, जहां पहले से मौजूद आरोपितों ने उन्हें बंधक बना लिया। आंखों पर पट्टी बांध दी और अंधेरा होने पर मोबाइल की टॉर्च जलाकर चेहरे पर कई वार किए।

आरोपितों ने रोहित की सोने की चेन और पर्स छीन लिया। उनका चश्मा भी तोड़ दिया और मोबाइल की कॉल हिस्ट्री डिलीट कर दी। इसके बाद हजारों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। रोहित के मुताबिक, वह जान की गुहार लगाते रहे और मौका पाकर आरोपियों के चंगुल से भाग निकले।

## शिया महिलाएं रोईं, बोलीं- शेर था, एक मरेगा, हजार आएंगे, खाड़ी देशों की फ्लाइट कैंसिल

# यूपी में हाई अलर्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**





लखनऊ । अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस बीच पुलिस ने पूरे यूपी में हाई अलर्ट जारी किया है। सीएम योगी ने भी रविवार सुबह मीटिंग में अफसरों से एहतियात बरतने को कहा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उन जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई है, जहां शिया समुदाय की आबादी अधिक है। इनमें लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ शामिल हैं। पुलिस को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। लखनऊ में शिया समुदाय के हजारों लोग सड़क पर उतर आए हैं। महिलाएं और पुरुष रो रहे हैं, मातम कर रहे हैं। प्रदर्शकारी ने खामेनेई जिंदाबाद और अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। यहां भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। एक महिला ने चिल्लाते हुए कहा- जिनकी नस्लों में धोखा और गद्दारी है। उन्होंने खामेनेई को धोखे में मारा। खामेनेई मेरा शेर था, कयामत तक रहेगा। एक मरेगा, हजार खामेनेई आएंगे। लानत है अमेरिका और इजराइल पर। इनकी नस्लें गद्दार-धोखेबाज हैं।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से तीन दिवसीय शोक की घोषणा कर दी गई है। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- लोग अपने घरों पर काले झंडे लगाएंगे और काले कपड़े पहनेंगे। अयातुल्ला खामेनेई के नाम पर रोजाना मजलिस (शोकसभा) का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ से आज सऊदी अरब जाने वाली सभी फ्लाइटें रद्द कर दी गई हैं। दुबई और रियाद की 2-2 फ्लाइटें, जबकि मस्कट, अबू धाबी, दम्माम और शारजाह की 1-1 फ्लाइट कैंसिल की गई है।

### मौलाना रजवी बोले- मुस्लिमों के लिए बड़ा सदमा

बरेली के आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा- यह पूरी मुस्लिम उम्मत के लिए गहरा सदमा है। घटना केवल ईरान तक सीमित नहीं, इसके वैश्विक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने इसे मिल्लत के लिए 'अजीम नुकसान' करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बढ़ते तनाव पर चिंता जताई। मौलाना ने आरोप लगाया कि अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान की सत्ता व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे, जिससे क्षेत्रीय हालात और बिगड़ सकते हैं।



### सहारनपुर में पुलिस ने जुलूस को आधे रास्ते से लौटाया


सहारनपुर में शिया समुदाय ने खामेनेई की मौत के बाद प्रदर्शन किया। यह जुलूस शिया समुदाय के छोटा इमामबाड़े से शुरू होकर चौकी सराय होते हुए कोतवाली नगर की ओर बढ़ रहा था। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल थीं।

इस दौरान कुछ लोगों ने अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जुलूस जैसे ही निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ा, पुलिस ने एहतियातन उसे आधे रास्ते से ही वापस लौटा दिया।

## बिरयानी की दुकान 4 दिन से बंद थी, उसी के फ्रीजर में रखी थी डेडबॉडी

# फ्रीजर में मिला युवक का शव

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में वेज बिरयानी की दुकान में रखे फ्रीजर में 35 साल के युवक का शव मिला। दुकानदार के पिता की मौत के बाद दुकान 4 दिन से बंद थी। दुकानदार रविवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो वह फ्रीजर में शव देखकर सन्न रह गया। घटना जीसीआरजी कॉलेज के सामने की है। यहां शनि रावत की वेज बिरयानी की दुकान के फ्रीजर में रखा है। उसी में युवक का शव मिला। शनि जब अपनी दुकान में रविवार की सुबह पहुंचा तो फ्रीजर में शव देखा। उसने शव देखते ही शोर मचाया तो आसपास भीड़ लग गई। जानकारी के बाद जांच करने पहुंचे पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस वहां फ्रिजर पर क्राइम सीन की पट्टी लगाकर छोड़कर चली गई। इसके बाद वहां पहुंचने वाले लोग लगातार क्राइम सीन पर फ्रीजर और तमाम चीजों को छूकर देखते रहे। लोगों का कहना है कि यह पुलिस की लापरवाही है। जिसका कोई नहीं, उसके लिए पुलिस क्यों जांच करेगी। मृतक विजय के चचेरे भाई भानू ने बताया- वह पहले वाई-फाई का काम करते थे। इसके अलावा दिल्ली जाकर भी यही सब काम करते थे। लंबे समय से बीकेटी में ही रह रहे थे। उनका पत्नी से अलगाव हो चुका है। एक बेटी भी है जो पत्नी के साथ रहती है। पत्नी से अलगाव के बाद से वह शराब पीने लगे थे। जीसीआरजी कॉलेज के सामने टेंपरेरी दुकान है, जो पन्नी और तिरपाल से बंद करके रखी जाती है। दुकान मालिक के पिता के निधन हो जाने की वजह से खुली नहीं थी। अंदर जो फ्रीजर रखा है वह भी खराब स्थिति में है। उसका इस्तेमाल सामान स्टोर करने के लिए दुकानदार करता था। इसकी वजह से उसमें ताला नहीं लगाता था।

### शव के पास मिला फोन और आधार कार्ड

मौजूद लोगों ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने पहुंचकर शव को फ्रीजर से बाहर निकाला। उसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव के पास फोन और आधार कार्ड मिला है। उससे मृतक की पहचान विजय पाल (35) निवासी किशनपुर मजरा मदारीपुर इंदौरा बाग थाना बीकेटी के रूप में हुई।

उसके पिता ढलई की मौत हो चुकी है। विजय का 5 साल पहले पत्नी से अलगाव हो गया था। वह अकेले ही मेहनत-मजदूरी करके जीवनयापन कर रहा था। परिजनों के अनुसार, शनिवार को घर के पास दिखाई दिया था। उसके बाद पुलिस से मौत की सूचना मिली।



### होलिका दहन के लिए लखनऊ नगर निगम बेच रहा लट्ठे

लखनऊ । होली के मौके पर नगर निगम लखनऊ की तरफ से होलिका दहन के लिए देसी गाय के गोबर से लट्ठे तैयार किए गए हैं। नगर निगम इसकी ऑनलाइन शॉपिंग करने के साथ में ऑफलाइन तरीके से भी इसे बेच रहा है। अगर कोई 200 से ज्यादा लट्ठे खरीदता है तो उसके लिए फ्री में होम डिलीवरी की जाएगी।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के अनुसार देसी गाय के गोबर से बने लट्ठों के दहन से वातावरण शुद्ध-पवित्र होता है। प्रदूषण में कमी आती है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार गोबर से किया गया होलिका दहन सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। पर्यावरण को नुकसान भी कम पहुंचाता है। लोग देसी गाय के गोबर से तैयार लट्ठे मात्र 5 रुपए प्रति लट्ठे की दर से खरीद सकते हैं। 200 रुपए से अधिक खरीद पर निशुल्क होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## कलर फॉग-सतरंगी पटाखे की बढ़ी मांग

**तमसा संकेत, एजेंसी**



- हर्बल भगवा रंग बड़ों की पसंद, डॉक्टर बोले- केमिकल वाले रंगों से बचें

लखनऊ । लखनऊ में होली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, बाजार में रौनक भी बढ़ती जा रही है। इस बार बच्चों की पहली पसंद 'कलर फॉग', 'होली पॉप-अप' और सात रंग छोड़ने वाले पटाखे हैं। जिसे खरीद कर बच्चे खुद को सुपरमैन से कम नहीं समझ रहे। बड़ों में भगवा रंग का क्रेज है। सबसे अधिक अरारोट से बने रंग पसंद किए जा रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार हर्बल रंगों की मांग ज्यादा है, वहीं ग्राहक भी सेहत और सौहार्द दोनों का ध्यान रखने की बात कर रहे हैं, क्योंकि रमजान का महीना भी साथ चल रहा है। वहीं डॉक्टरों ने साफ चेतावनी दी है कि केमिकल रंग त्वचा और आंखों के लिए खतरनाक हो सकते हैं।

दुकानदार तुषार सोनकर ने बताया-इस बार बाजार में कई नए प्रोडक्ट आए हैं। यह 'राधा रमन' का कलर फॉग है, इसे हाथ में पकड़कर जलाने पर रंगीन धुआं निकलता है। होली पॉप-अप भी आया है, जैसे बर्थडे में होता है, उसी तरह इसमें से रंग निकलता है। नया कलर स्प्रे लॉन्च हुआ है, पहले सिर्फ फॉग आता था, अब इसमें गुलाल भी निकलता है। अलग-अलग तरह के रंग स्प्रे, हर्बल गुलाल के पैकेट और लेटेस्ट डिजाइन की रंगों के ब्रांड शामिल है। दिवाली जैसे पटाखे भी हैं, जिन्हें नीचे रखकर जलाते हैं और उनमें से सात रंग निकलते हैं।

## कटाक्ष : अजय राय बोले- ब्राह्मण सम्मेलन में जनता के सवालों का जवाब नहीं दे सके सरकार के नेता

# 'कार्यक्रम की अनुमति रद्द करना सरकार की घबराहट'

- प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन व पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन व सांसद तनुज पुनिया प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद रहे।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आज भारतीय जनता पार्टी और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से घबराकर सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में प्रस्तावित कांग्रेस कार्यक्रम को पहले अनुमति देना और बाद में रद्द कर देना सरकार की असहजता और राजनीतिक भय को दर्शाता है।

### कार्यक्रम की अनुमति रद्द करने पर उठाए सवाल

अजय राय ने कहा कि जब कार्यक्रम की अनुमति दी गई थी, उस समय भी होली का पर्व नजदीक था। ऐसे में अचानक अनुमति निरस्त किया जाना प्रशासनिक निर्णय कम और राजनीतिक दबाव अधिक प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर दमन की राजनीति कर रही है, लेकिन कांग्रेस जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी

### ब्राह्मण समाज सम्मेलन पर टिप्पणी

ब्राह्मण समाज सम्मेलन का उल्लेख करते हुए अजय राय ने कहा कि सरकार के नेता जनता के सवालों का संतोषजनक जवाब देने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक हैं और अब जनता को गुमराह करने का समय समाप्त हो चुका है। जनता वास्तविक मुद्दों पर जवाब चाहती है और कांग्रेस इन्हीं मुद्दों को लेकर मैदान में है।




> अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान और सिंगापुर दौरों का जिक्र करते हुए कहा कि इन यात्राओं के बावजूद प्रदेश में अपेक्षित निवेश नहीं आया। उन्होंने दावा किया कि सरकार केवल प्रचार पर जोर दे रही है, जबकि जमीनी हकीकत अलग है।

### मनरेगा भुगतान को लेकर सरकार पर निशाना

प्रदेश अध्यक्ष ने मनरेगा के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि होली से पहले मजदूरों को भुगतान करने का वादा किया गया था, लेकिन अब भी करोड़ों रुपये बकाया है। उन्होंने इसे गरीबों और श्रमिकों के शोषण का प्रतीक बताते हुए कहा कि सरकार जमीनी समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए राजनीतिक हथकंडे अपना रही है।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ी गई 18 करोड़ की ड्रग्स

## बैंकॉक से आए 2 तस्कर गिरफ्तार, 12 प्लास्टिक पाउच में भरकर लाए गांजा

- लखनऊ एयरपोर्ट पर 17.95 किलो गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया।
- गुलाबी और पारदर्शी वैक्यूम-पैक्ड 12 पाउच मिले
- बरामद प्रतिबंधित सामग्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया गया है।

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट पर 17.95 किलो गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 17.96 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एआईयू और सीसीएसआई ने 2 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को बैंकॉक से लखनऊ पहुंची एयर एशिया की फ्लाइट संख्या FD-146 के दो यात्रियों को ग्रीन चैनल पर रोका गया। रात 11:05 बजे पहुंची इस उड़ान के यात्रियों की तलाशी ली गई। उनके सामान की जांच के दौरान गुलाबी और पारदर्शी वैक्यूम-पैक्ड 12 पाउच मिले। इन पाउच में हरे रंग का फूलनुमा पदार्थ भरा था, जिसके गांजा/मारिजुआना (हाइड्रोपोनिक वीड) होने का संदेह है।

### इंटरनेशनल नेटवर्क की जांच

बरामद प्रतिबंधित सामग्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान यूपी के मो. फराज और झारखंड की रहने वाली महिला नीतू के रूप में हुई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इनके अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से संभावित कड़ियों की पड़ताल की जा रही है।

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर बैठक आयोजित, 13 प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# सैनिक बंधु बैठक, 65 पूर्व सैनिकों ने उठाए मुद्दे

**बैठक**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सैनिक बंधु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर्नल वी.के. शुक्ला (अप्रा) ने की। कार्यक्रम में लगभग 65 भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार और अन्य मुख्यालयों से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों को पढ़कर



सुनाया तथा योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी। बैठक में सैनिकों से जुड़े प्रशासनिक, कल्याणकारी और लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

जनपद में एनसीसी इकाई और ईसीएचएस पॉलिक्लिनिक की स्थापना को लेकर 29 नवंबर 2025 को रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। प्रस्ताव पर अग्रिम कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

बैठक में कहा गया कि दोनों संस्थाओं की स्थापना से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य और प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

अधिकारी एवं कर्मचारी आवास फेस-2 परियोजना का पुनः निरीक्षण कर संशोधित प्रस्ताव 28 फरवरी 2026 को पुनः प्रेषित किया गया है। परियोजना की तकनीकी और प्रशासनिक औपचारिकताओं की समीक्षा के बाद इसे आगे बढ़ाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि स्वीकृति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया को गति दी जाएगी।

बैठक के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। एसडीएम ने संबंधित उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों और थानाध्यक्षों से दूरभाष पर वार्ता कर प्रकरणों की जानकारी दी। सभी प्रार्थना पत्रों की पीडीएफ फाइल तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है।

निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रकरण पर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और प्रगति से अवगत कराया जाए।

#### 56 हथियारों का प्रकरण सेना भवन में जमा, अप्रैल-मई में स्वीकृति की संभावना

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में लंबित 56 हथियारों के प्रकरण को 23 फरवरी 2026 को सेना भवन, नई दिल्ली में जमा करा दिया गया है। बताया गया कि अप्रैल अथवा मई 2026 में सेनाध्यक्ष स्तर से स्वीकृति मिलने की संभावना है। स्वीकृति के बाद संबंधित हथियार सीओडी जबलपुर से प्राप्त किए जाएंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रक्रिया नियमानुसार आगे बढ़ रही है और स्वीकृति मिलते ही वितरण की कार्रवाई की जाएगी।

#### कार्यालय भवन और विश्राम गृह का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय भवन एवं विश्राम गृह निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया कि विद्युत फिटिंग में लगाए जाने वाले स्विच, बोर्ड तथा पानी की आपूर्ति से संबंधित फिटिंग और फिक्स्चर लगाने से पहले सैनिक कल्याण अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त किया जाए। निर्देशों में गुणवत्ता और मानक के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। निर्माण कार्य की शेष प्रगति शीघ्र पूर्ण करने के संकेत भी दिए गए।

# जीपीएलडी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के सेमरा रफीगंज स्थित जीपीएलडी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मान समारोह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सांसद रितेश पांडेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य डॉ. राधेश्याम यादव, आलोक सिंह यादव तथा वरिष्ठ पत्रकार नियाज तौहीद सिद्दीकी शामिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों ने गीत, नृत्य और नाटक के



माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अभिजीत आर शंकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य तय करना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जिस क्षेत्र में रुचि हो, उसी दिशा में एकाग्र होकर प्रयास करें। वार्षिक उत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान छात्रा हिबा सिद्दीकी को सम्मानित किया गया। बातचीत में हिबा सिद्दीकी ने बताया कि वह कमांडर शुफिया कुरैशी और विंग कमांडर वामिका सिंह की तरह बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। इस पर मुख्य अतिथि ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिबा सिद्दीकी वरिष्ठ पत्रकार और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष नियाज तौहीद सिद्दीकी की पुत्री हैं और शैक्षणिक उपलब्धियों में अग्रणी रही हैं। पूर्व सांसद रितेश पांडेय और डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को व्यवहारिक कौशल भी विकसित करना चाहिए, ताकि वे जीवन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की।

**फास्ट न्यूज**

### होली को लेकर सुरक्षा कड़ी, जलालपुर और अकबरपुर में गश्त व बैठक

अंबेडकरनगर। आगामी होलिका दहन और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने रविवार को थाना जलालपुर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### हंसवर पुलिस की घेराबंदी, स्कार्पियो से तीन गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर। हंसवर थाना क्षेत्र में शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध असलहों के साथ घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम 06 नंबर पुलिया पर संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरसम्हार से बरही एदिलपुर की ओर जा रही काली स्कार्पियो में सवार तीन व्यक्ति अवैध पिस्टल और कारतूस लेकर किसी आपराधिक घटना की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल रणनीति बनाकर पाठक पुरवा बह्द ग्राम हरसम्हार में घेराबंदी की।

### पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध निर्माण, विभाग अनजान

अंबेडकरनगर । जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला अकबरपुर तहसील क्षेत्र के जलालपुर रोड स्थित मौहरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास का है, जहां लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की जमीन पर अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में 'पिन' की बढ़ी अहमियत?

### अकबरपुर क्षेत्र के एक विद्यालय को लेकर नई चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। अकबरपुर क्षेत्र के बेवाना स्थित एक विद्यालय इस बार फिर सुर्खियों में है। परीक्षा का मौसम है और सामान्य तौर पर इस समय चर्चा प्रश्नपत्र, निगरानी और परिणामों की होती है। लेकिन इस बार केंद्र में एक छोटी सी वस्तु आ गई है कि पिन।

केंद्र के आसपास यह बात घूम रही है कि उत्तर पुस्तिकाओं की "सुरक्षा" के लिए पिन की विशेष व्यवस्था रहती है। कहा जा रहा है कि कागजों को ठीक से जोड़कर रखने की कला यहां काफी विकसित है। बंडल बनते समय सब कुछ इतना व्यवस्थित रहता है कि कोई पन्ना इधर-उधर न हो। बात यहीं तक सीमित रहती तो शायद सामान्य मानी जाती। लेकिन चर्चा में यह भी जोड़ा जा रहा है कि उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कुछ और चीजें भी बड़ी



सावधानी से समायोजित होती हैं। यह "कुछ और" क्या है, इस पर स्पष्टता कम और संकेत ज्यादा हैं।

इस विद्यालय का नाम हर वर्ष किसी न किसी कारण से सामने आता है। कभी परीक्षा परिणाम, कभी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल। इस बार चर्चा का विषय परीक्षा केंद्र की कार्यप्रणाली है।परीक्षा की निष्पक्षता को लेकर हर साल सख्ती के निर्देश दिए जाते हैं। निरीक्षण दल, सीसीटीवी और नियमों की सूची भी रहती है। ऐसे में अगर पिन चर्चा का केंद्र बन जाए, तो स्वाभाविक है कि लोग अर्थ निकालने लगें।

# 275 छात्र राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल

### एनएमएमएस परीक्षा-2026-27 का परिणाम घोषित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2026-27 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जनपद अंबेडकरनगर में निर्धारित 279 सीटों के सापेक्ष 275 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए सफल घोषित किए गए हैं। चार सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थीं, जो पात्र अभ्यर्थी न मिलने के कारण रिक्त रह गईं।

जनपद नोडल समन्वयक नीरज यादव ने बताया कि बीते चार वर्षों से टीम एनएमएमएस अंबेडकरनगर के प्रयासों से जनपद का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक



विद्यालयों में अध्ययन के दौरान प्रति माह 1000 रुपये की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह सहायता चार वर्षों तक, कक्षा 9 से 12 तक, कुल 48 हजार रुपये के रूप में दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक कारणों से पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे अपनी शिक्षा निरंतर जारी रख सकें। उप शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य ब्रजेश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल और जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) डॉ. सुरेश कुमार तिवारी ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### 2645 पंजीकरण, 2332 परीक्षार्थी हुए शामिल

नोडल समन्वयक के अनुसार, इस परीक्षा के लिए जनपद से कुल 2645 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 2332 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। चयनित अभ्यर्थियों की सूची परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। एनएमएमएस परीक्षा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर पर अध्ययन जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

# प्रदर्शन : अयातुल्लाह खामनेई के निधन पर जताया शोक

### सिकंदरपुर में शोक सभा, भारत सरकार को सौंपा ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद में शिया समुदाय ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। इस दौरान समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने खामनेई की मौत के लिए इजरायल और अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कथित हमले बर्बर और अमानवीय थे तथा अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने इसे आतंकवादी कार्रवाई बताया।

इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के एक बयान की भी निंदा की गई। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में भारत सरकार से अंतर-



राष्ट्रीय मंचों पर इजरायल और अमेरिका की कथित आक्रामक नीतियों की निंदा करने की अपील की गई। समुदाय ने उत्पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता का स्पष्ट संदेश जारी करने का आग्रह किया।

साथ ही, मीडिया में संतुलित, तथ्यात्मक और सम्मानजनक भाषा के प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग भी रखी गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की रिपोर्टिंग में सावधानी आवश्यक है। समुदाय ने ईरान और अन्य प्रभावित देशों के साथ राजनयिक संवाद बढ़ाने की अपील की।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

### जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर फिरोजपुर गांव की घटना, चार आरोपी गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के जलालपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर फिरोजपुर गांव में शनिवार रात मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। खाने-पीने के दौरान शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट और फिर फायरिंग तक पहुंच गया। गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे पक्ष का युवक भी लाठी से हमले में घायल हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है।

घटना शनिवार रात करीब 9:30 बजे की है। गांव निवासी लालू और टाइगर के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी बहस हुई, जो कुछ ही देर में



**पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं की जानकारी स्पष्ट हो सके।**

मारपीट में बदल गई। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से हाथापाई शुरू हो गई और आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई।

इसी दौरान आरोप है कि लालू ने पिस्टल निकालकर टाइगर पर गोली चला दी। गोली लगते ही टाइगर मौके पर ही गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज सुनकर गांव में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि मामूली विवाद के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई है। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

#### लाठी-डंडों से हमला, दोनों पक्षों में चोट

फायरिंग के साथ ही दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से भी हमला हुआ। इस दौरान लालू भी घायल हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद टाइगर की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लालू का भी उपचार कराया गया।

#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चार आरोपी गिरफ्तार

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। मुख्य आरोपी लालू, उसके भाई इंदल और दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। बरामद हथियार को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

# पुलिस लाइन में वामा सारथी का होली उत्सव, बच्चों ने दिखाई सृजनात्मकता

### बहुउद्देशीय हाल में सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हाल में शनिवार को उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) की जनपदीय अध्यक्षा अपर्णा के नेतृत्व में होली के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, सहयोग की भावना और पारंपरिक त्योहारों के प्रति सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान रंग, कला और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से होली पर्व की झलक प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न आयु






वर्ग के बच्चों के लिए अलग-अलग गतिविधियां निर्धारित की गईं।

03 से 06 वर्ष तक के बच्चों ने सादे सफेद पृष्ठ पर होली से संबंधित चित्रों में रंग भरकर अपनी कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया।

07 से 09 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने होली थीम पर आकर्षक क्राफ्ट तैयार किए। 10 से 18 वर्ष तक के बच्चों ने समूह में मिलकर होली विषय पर हैंगिंग क्राफ्ट तैयार किया, जिसमें आपसी समन्वय और रचनात्मक सोच देखने को मिली।

इसके अतिरिक्त बच्चों को आर्गेनिक रंग बनाने की विधि भी सिखाई गई। प्राकृतिक सामग्री से रंग तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई, जिससे सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण गतिविधि में बच्चों ने अपने हाथों में रंग लगाकर सफेद कपड़े पर हस्तचिह्न बनाए। इन रंगीन हस्तचिह्नों से सामूहिक रूप से एक सुंदर कलाकृति तैयार की गई। इस गतिविधि ने बच्चों में टीम भावना और रचनात्मक सहभागिता को बढ़ावा दिया।

# आयुष्मान भारत से जुड़े दो अधिकारियों का इस्तीफा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । आयुष्मान भारत योजना से जुड़े दो अधिकारियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ. मुकुल त्रिपाठी और जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक (डीआईएसएम) तरुण श्रीवास्तव ने त्यागपत्र सौंप दिया है।

सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में विभागीय स्तर पर की जा रही जांच और उच्च अधिकारियों की सख्ती के बाद दोनों अधिकारियों ने पद छोड़ने का निर्णय लिया। हालांकि इस्तीफे के कारणों को लेकर आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

बताया जा रहा है कि आयुष्मान भारत योजना के संचालन और प्रबंधन से जुड़े कुछ बिंदुओं पर समीक्षा और जांच की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय किए जाने की कार्रवाई तेज हुई। इसके बाद दोनों




**डीपीसी डॉ. मुकुल त्रिपाठी और डीआईएसएम तरुण श्रीवास्तव ने छोड़ा पद**

अधिकारियों ने अपने-अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

जिला स्तर पर आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में डीपीसी और डीआईएसएम की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। ऐसे में दोनों के इस्तीफे से विभागीय गतिविधियों पर असर पड़ने की संभावना है। इस्तीफे के बाद अब यह देखना होगा कि विभागीय स्तर पर क्या निर्णय लिया जाता है और रिक्त पदों पर नई नियुक्ति कब तक की जाती है।

**समीक्षा : अनुपम शुक्ला और अभिजीत आर शंकर ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा**

# होली पर प्रशासन अलर्ट किछौछा में फ्लैग मार्च

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। होली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने तहसील टांडा अंतर्गत नगर पंचायत किछौछा के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक फ्लैग मार्च किया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

फ्लैग मार्च के दौरान मुख्य बाजार, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त की गई। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से



संवाद कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। प्रशासन की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। प्रशासन ने यह संकेत दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। नगर पंचायत किछौछा में फ्लैग मार्च के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

#### संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी

रूट मार्च के दौरान उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिन्हें पूर्व में संवेदनशील चिह्नित किया गया है। पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और गश्त बढ़ाने के आदेश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने नागरिकों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर त्योहार को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का आग्रह किया। साथ ही विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

#### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बताया कि पूरे जनपद में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रमुख चौराहों और बाजारों में पुलिस की नियमित गश्त जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा गया है और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

# धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे महाराज की जयंती

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । समाज सुधारक और संत परंपरा के महान व्यक्तित्व संत गाडगे महाराज की जयंती रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। संत गाडगे जन चेतना कल्याण समिति के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट के निकट आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजकुमार दिवाकर और विशिष्ट अतिथि प्रहलाद कनौजिया द्वारा संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जिला अध्यक्ष राम उग्र चौधरी ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने अपने जीवनकाल में स्वच्छता, शिक्षा और समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने जनजागरण के माध्यम से समाज में



**कलेक्ट्रेट के निकट आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और स्वच्छता पर जोर**

सुधार का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि संत गाडगे महाराज ने धर्मशालाओं, विद्यालयों, गौशालाओं, चिकित्सालयों और छात्रावासों का निर्माण कर समाज सेवा का उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने सर्व समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने का प्रयास किया।

# सम्पादकीय

## एक नई जंग, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव



अमेरिका जिस तरह बीते कुछ दिनों से ईरान को चेतावनी देने के साथ ही उसकी घेरेबंदी कर रहा था, उससे ऐसा लगता था कि उसका उद्देश्य उससे वार्ता कर उसे इसके लिए बाध्य करना भर है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम का परित्याग कर दे, लेकिन उससे बातचीत के बीच ही उसने इजरायल संग उस पर हमला बोल दिया। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। उसका साथ देने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और यमन के हाउती भी आगे आ गए हैं। इसका परिणाम ईरान पर इजरायल एवं अमेरिका के हमले और तेज होने के रूप में ही सामने आएगा। इससे आपसी मतभेदों के दौर से गुजर रहे अरब जगत के साथ-साथ पश्चिम एशिया और अस्थिर तो होगा ही, तेल के दाम भी बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही विश्व शांति के लिए और गहरा संकट पैदा हो सकता है। इसलिए और भी, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी जनता से अपनी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील करते हुए कहा है कि लक्ष्य पूरा होने तक अमेरिका रुकेगा नहीं। ट्रंप का लक्ष्य केवल ईरान के परमाणु हथियार बनाने वाले तंत्र को ध्वस्त करना ही नहीं, बल्कि वहां सत्ता परिवर्तन करना भी है। इसीलिए ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के आवास पर भी हमले किए गए। यह जंग ऐसे समय शुरू हुई है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध चार साल बाद भी जारी है और पिछले दिनों अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में भी युद्ध छिड़ गया। इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच का सैन्य संघर्ष कहीं अधिक व्यापक असर वाला हो सकता है। इससे भारत भी प्रभावित होगा। उसके समक्ष न केवल पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे लाखों भारतीयों को निकालने की चुनौती पैदा हो सकती है, बल्कि महंगे कच्चे तेल की खरीदारी की बाध्यता भी। यह भी तय है कि इस जंग में वह किसी भी पक्ष के साथ खड़ा नहीं दिखना चाहेगा।

# आसान नहीं व्यापार समझौतों का लाभ लेना

> व्यापार समझौते अभी ऐतिहासिक कागजी दस्तावेज हैं। इनका पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब भारत नई पीढ़ी के सुधारों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को आगे बढ़ाएगा। नए व्यापार समझौतों से भारत दुनिया की बड़ी-बड़ी मंडियों में प्रवेश पाने में सफल तो होगा।

पिछले कुछ सालों में भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से कई देशों से मुक्त व्यापार की राह पर आगे बढ़ा है। इससे भारतीय वस्तुओं के लिए दुनिया के बाजारों में निर्यात पहुंच बढ़ी है। गत दिवस पीएम मोदी ने कहा कि इजरायल के साथ भी भारत का एफटीए जल्दी ही आकार लेते हुए दिखाई देगा और भारत जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यस्था वाला देश होगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए वैश्विक टैरिफ को अवैध ठहराए जाने के बाद 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत अस्थाई ग्लोबल टैरिफ लागू हो गया है। इस अवधि के बाद अमेरिकी संसद तय करेगी कि इसे आगे बनाए रखना है या नहीं? अभी अमेरिकी प्रशासन के पास टैरिफ लगाने की कई शक्तियां बची हुई हैं। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी संसद से टैरिफ पर प्रस्ताव मंजूर होने के बाद भारत के साथ किया गया व्यापार समझौता अपने पूर्व निर्धारित रूप में ही लागू होगा। ऐसे में जहां आगामी 150 दिन टैरिफ की अस्थाई कमी निर्यात बढ़ाने के लिए हितकर है, वहीं इसके बाद दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौता अमेरिका को निर्यात बढ़ाने के लिए लाभप्रद होगा। भारत के लिए अमेरिका एक सबसे बड़ा बाजार है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और अमेरिका के बीच 131.84 अरब डालर मूल्य का व्यापार हुआ। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर के बीच भारत ने अमेरिका को 65.88 अरब डालर मूल्य का निर्यात किया है। ऐसे में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय निर्यात बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा। अमेरिका द्वारा शुरू किए गए टैरिफ और व्यापार व्यवधानों ने भारत को वैकल्पिक बाजार खोजने और नए व्यापार गठबंधन बनाने की राह पर आगे बढ़ाया है। इस परिप्रेक्ष्य में भारत ने पिछले वर्ष कई व्यापार समझौते किए हैं और इस वर्ष भी कई नए व्यापार समझौतों के कार्यान्वयन की तैयारी है। इनमें अत्यधिक महत्वपूर्ण यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी शामिल है। हाल में एआइ समिट के दौरान ईयू के कई राष्ट्राध्यक्षों ने 27 जनवरी को भारत-ईयू के दौरान किए गए एफटीए को शीघ्र कार्यान्वित किए जाने के लिए समर्थन दिया। यह एफटीए दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का बेजोड़ उदाहरण है। इस समझौते को सभी व्यापार समझौतों की जननी कहा गया है। इस एफटीए से दो अरब लोगों का एक साझा बाजार तैयार होगा, जिसका संयुक्त बाजार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग एक चौथाई हिस्से के बराबर होगा। अनुमान है कि यह एफटीए आगामी छह महीने में कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा। पिछले वर्ष भारत द्वारा ब्रिटेन, ओमान के साथ किए गए एफटीए इसी अप्रैल से और न्यूजीलैंड के साथ किया गया एफटीए सितंबर से कार्यान्वित होते हुए दिखाई देगा। इन सबके साथ-साथ मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात, आस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ हुए एफटीए से भी इस वर्ष निर्यात बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इस वर्ष पेरू,चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी नए एफटीए हो सकते हैं। इस तरह निर्यात बढ़ने की संभावनाओं का यह एक अनुकूल परिदृश्य है, लेकिन ट्रंप प्रशासन के लगातार बदलते रवैये को देखते हुए भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति दे। वैश्विक



चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल काम नहीं है। भारत को निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री की ओर से प्रस्तुत केंद्रीय बजट में विनिर्माण, वस्त्र, चमड़ा और समुद्री भोजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्यात बढ़ाने के लिए जो कई रणनीतिक उपाय किए गए हैं, उन पर नए वित्तीय वर्ष में शुरुआत से ही ध्यान देना होगा। निर्यात बढ़ाने के लिए हमें उत्पादों की गुणवत्ता और नए सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। व्यापार समझौते अभी ऐतिहासिक कागजी दस्तावेज हैं। इनका पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब भारत नई पीढ़ी के सुधारों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन को आगे बढ़ाएगा। नए व्यापार समझौतों से भारत दुनिया की बड़ी-बड़ी मंडियों में प्रवेश पाने में सफल तो होगा, लेकिन देश को व्यापारिक महाशक्ति बनाने के लिए आकर्षक दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला माल तैयार करना होगा।
सिस्टमैटिक्स ग्रुप की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत द्वारा व्यापार समझौतों का अधिकतम लाभ लेने के लिए सबसे पहले किफायती लागत पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, लाजिस्टिक्स और कस्टम प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे सुधारों पर तेजी से आगे बढ़ना होगा। निर्यातकों की दिक्कतें केवल शुल्क वृद्धि तक सीमित नहीं हैं। वे एंटी-डंपिंग शुल्क से भी संबंधित हैं। घरेलू कच्चे माल की ऊंची लागत और ईंधन की उच्च कीमतों के कारण भी भारत की ओर से निर्यात किए जाने वाले उत्पाद वैश्विक स्तर से करीब 20 फीसदी की अधिक लागत पर दिखाई देते हैं। व्यापार समझौतों से देश को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए अधिकारियों को नए दौर की जरूरत के मुताबिक शिक्षित-प्रशिक्षित करने के साथ सरकारी और निजी क्षेत्रों में शोध, विकास एवं नवाचार बढ़ाना होगा।

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

## विश्वप्रसिद्ध-मथुरा और वृंदावन की होली



भारतवर्ष की सांस्कृतिक धारा में यदि कोई ऐसा पर्व है जो आध्यात्मिकता, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक सोच, तीनों को एक सूत्र में पिरो देता है, तो वह है होली। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि चेतना के जागरण, अहंकार के दहन और नवजीवन के स्वागत का प्रतीक है। होली का मूल संदेश है, असत्य पर सत्य की विजय, अहंकार पर भक्ति की जीत। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्रह्लाद की अटूट भक्ति और होलिका के अहंकार के दहन की कथा हमें यह सिखाती है कि ईश्वर के प्रति समर्पण और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने से विपरीत परिस्थितियाँ भी परास्त हो जाती हैं। होलिका दहन केवल लकड़ियों का जलाना नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे विकारों को अग्नि में समर्पित करने का प्रतीक है। यह आत्मशुद्धि और आत्मपरिष्कार का अवसर है। रंगों का आध्यात्मिक अर्थः- लाल - ऊर्जा और प्रेम, पीला - ज्ञान और पवित्रता, हरा - नवजीवन और संतुलन, नीला - अनंत चेतना। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो यह भेदभाव मिटाकर आत्मीयता का रंग चढ़ाने का संदेश देता है। भारतीय पर्व-त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव स्वास्थ्य के अनुकूल वैज्ञानिक सोच का परिणाम हैं। होली शीत ऋतु के अंत और ग्रीष्म के आगमन का संकेत है। इस समय वातावरण में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ते हैं। होलिका दहन की अग्नि से उत्पन्न ऊष्मा वातावरण को शुद्ध करने में सहायक मानी जाती है। प्राचीन काल में होली के रंग टेसू (पलाश), हल्दी, गुलाब, चंदन और नीम से बनाए जाते थे। इन प्राकृतिक रंगों में औषधीय गुण होते थे, जो त्वचा रोगों से बचाव करते और शरीर को ऊर्जा प्रदान करते थे। रंगों के साथ हँसी-खुशी, संगीत और नृत्य तनाव को कम करते हैं। आधुनिक मनोविज्ञान भी मानता है कि सामूहिक उत्सव और सामाजिक मेल-जोल मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं।

**ओमप्रकाश प्रजापति**

### एल मेंचो का... — रामस्वरूप रावतसरे

## मेक्सिको में कुख्यात ड्रग माफिया की मौत पर भड़की हिंसा, क्या संदेश देती है?



मेक्सिको इस समय अपने हालिया इतिहास के सबसे गंभीर सुरक्षा संकटों में से गुजर रहा है। देश के कई राज्यों में अचानक भड़की हिंसा, आगजनी, गोलीबारी, सड़क जाम और व्यापक दहशत ने आम जनजीवन को लगभग ठप कर दिया है। सार्वजनिक परिवहन से लेकर हवाई सेवाएँ तक प्रभावित हुई हैं। बाजार बंद हैं, स्कूलों में छुट्टियाँ घोषित कर दी गई हैं और लोगों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी गई है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ में है मेक्सिको के सबसे कुख्यात ड्रग माफिया एल मेंचो की मौत। एक बड़े सैन्य ऑपरेशन में उसकी मौत के बाद उसके संगठन जालिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) ने पूरे देश में जवाबी हिंसा छेड़ दी। हालात इतने बिगड़ गए कि भारत, अमेरिका और कनाडा जैसे देशों को भी अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा एडवाइजरी जारी करनी पड़ी। 22 फरवरी 2026 की देर रात मेक्सिको के पश्चिमी राज्य जालिस्को के छोटे से कस्बे टपालपा में सेना और सुरक्षा बलों ने एक अत्यंत गोपनीय और बड़े स्तर का ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन का मकसद था सीजेएनजी के सरगना एल मेंचो को पकड़ना या मार गिराना। मुठभेड़ के दौरान एल मेंचो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत हेलीकॉप्टर से इलाज के लिए मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। जैसे ही यह खबर फैली, सीजेएनजी के लड़ाकों ने बड़े पैमाने पर हिंसक जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। कार्टेल के हथियारबंद गुर्गों ने सड़कों पर गाड़ियाँ जला दीं, हाईवे जाम कर दिए, दुकानों और पेट्रोल पंपों को आग के हवाले कर दिया और सुरक्षा बलों पर हमले किए। देखते ही देखते हालात जालिस्को से निकलकर कई अन्य राज्यों तक फैल गए।

एल मेंचो का असली नाम नेमेसियो रूबेन ओसेगुएरा सर्वेंटेस था। उसका जन्म 1966 में मेक्सिको के मिचोआकान राज्य के एक गरीब गाँव में हुआ था। बेहतर जिंदगी की तलाश में वह 1980 के दशक में अमेरिका चला गया, लेकिन वहाँ अपराध की दुनिया में फँस गया। अमेरिका में वह हेरोइन तस्करी के मामलों में पकड़ा गया, जेल गया और बाद में मेक्सिको डिपोर्ट कर दिया गया। स्वदेश लौटने के बाद उसने कुछ समय तक स्थानीय पुलिस में नौकरी की, लेकिन जल्दी ही संगठित अपराध की ओर मुड़ गया। उसने मिलेनियो कार्टेल के जरिए अपनी पहचान बनाई और फिर 2009 में जालिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल की स्थापना की। कुछ ही वर्षों में सीजेएनजी मेक्सिको का सबसे ताकतवर और हिंसक ड्रग कार्टेल बन गया। यह संगठन अमेरिका और अन्य देशों में फेंटानिल, मेथामफेटामीन, कोकीन और हेरोइन की बड़े पैमाने पर तस्करी करता था। जानकारी के अनुसार एल मेंचो अपने अत्यंत क्रूर तरीकों, खुलेआम सैन्य टकराव और भारी हथियारों के इस्तेमाल के लिए कुख्यात था। अमेरिका ने उसकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम घोषित कर रखा था। उस पर अमेरिका में कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे और वह दुनिया के सबसे वांछित अपराधियों में शुमार था। मेक्सिको की सेना, नेशनल गार्ड और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर टपालपा में यह विशेष ऑपरेशन अंजाम दिया। खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और एल मेंचो के ठिकाने पर छापा मारा। भीषण मुठभेड़ के दौरान एल मेंचो घायल हो गया।

इस कार्रवाई में छह संदिग्ध कार्टेल सदस्य मारे गए, तीन सैनिक घायल हुए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किए, जिनमें रॉकेट लॉन्चर जैसे अत्याधुनिक हथियार शामिल थे, जो हेलीकॉप्टर गिराने और बख्तरबंद गाड़ियों को तबाह करने में सक्षम हैं।अधिकारियों ने इस ऑपरेशन को जोआक्विन 'एल चापो' गुजमान और इस्माइल जाम्बादा जैसे बड़े ड्रग लॉर्ड्स की गिरफ्तारी के बाद संगठित अपराध पर सबसे बड़ी कार्रवाई बताया। एल मेंचो की मौत के कुछ ही घंटों के भीतर पूरे क्षेत्र में अराजकता फैल गई। जालिस्को, मिचोआकान, गुआनाहुआतो, तमाउलीपास, गुएरेरो और न्यूवो लियोन जैसे राज्यों में हिंसा की खबरें सामने आईं। 20 से ज्यादा सड़कों पर जलती हुई गाड़ियाँ खड़ी कर हाईवे जाम कर दिए गए। पर्यटन केंद्र पुएर्ता वायार्ता में हालात इतने खराब हो गए कि पर्यटकों ने इसे 'युद्ध जैसे दृश्य' बताया।

### पीपल्स डेली... — ओंकारेश्वर पांडेय

## वो सुबह जब इतिहास बदल गया



28 फरवरी 2026 की सुबह ने मध्य पूर्व की तस्वीर हमेशा के लिए बदल कर रख दी। अमेरिका और इज़राइल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। और कुछ ही घंटों के भीतर ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना दिया। अबू धाबी, दुबई, दोहा, मनामा, कुवैत सिटी, रियाद... एक के बाद एक खाड़ी की राजधानियाँ मिसाइल हमलों की चपेट में आ गईं। लेकिन असली धमाका उसके बाद हुआ, जब ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी। कयास लगाए गये कि हमले ईरान के सर्वोच्च नेता को निशाने पर रखकर किये गये। और आखिरकार 1 मार्च की सुबह ने उस तस्वीर पर आधिकारिक मुहर लगा दी। तेहरान की सड़कों पर सन्नाटा था। फिर अचानक एक आवाज़ गूंजी - इंतक़ाम! टीवी स्क्रीन पर टीवी की एंकर रो रही थीं। लाइव ऑन एयर। उन्होंने नहीं रोका खुद को। आंसू बह रहे थे, आवाज़ लड़खड़ा रही थी, लेकिन शब्द साफ थे - ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अब इस दुनिया में नहीं रहे। 86 साल की उम्र में, 28 फरवरी 2026 की उस सुबह, जब अमेरिका और इज़राइल के लड़ाकू विमानों ने तेहरान के उस इलाके को निशाना बनाया, जहां खामेनेई का कंपाउंड था, वे अपनी आखिरी सांस तक लड़ते रहे। ईरान के इतिहास में उन्हें 'शहीद' का दर्जा दिया गया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी IRNA ने इसकी पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में लिखा - खामेनेई, इतिहास के सबसे बुरे लोगों में से एक, मर चुका है। ईरान ने 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी है। तेहरान की सड़कों पर लाखों लोग उमड़ पड़े हैं। डेथ टू अमेरिका, डेथ टू इजराइल के नारों से आसमान गूंज रहा है। यह सिर्फ गुस्सा नहीं है, यह उस नेता के लिए आखिरी सलाम है जिसने 35 साल तक ईरान की कमान संभाली और अमेरिका को ₹महाशैतान कहने में कभी संकोच नहीं किया। खामेनेई की शहादत के ऐलान के साथ ही ईरान ने वो कर दिखाया, जिसकी आशंका ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी थी। IRGC ने आधिकारिक तौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा कर दी है। पीपल्स डेली के मुताबिक, IRGC ने हाई-फ्रीक्वेंसी रेडियो के जरिए सभी जहाजों को संदेश भेजा कि किसी भी जहाज को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने का अधिकार नहीं है होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति की वो नस है।

# जरा हटके

### ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट... — राजेश श्रीवास्तव

## दो टूक भारत की खामोशी बहुत भारी पड़ेगी बिन लड़े बहुत कुछ गंवा सकता है भारत



दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। विश्व भर के दस देशों में ईरान और अमेरिका व इजरायल के बीच हुए युद्ध की घमक देखी जा सकती है। दुनिया के कई देश में इसमें न चाहते हुए भी शामिल हो गये हैं। भारत ने हमेशा की तरह इस बार भी खामोशी ओढ़ रखी है। जब कई प्रमुख देश अमेरिका की खुलकर निंदा कर रहे हैं तब भारत ने वही पुराने रटे-रटाये बयान जारी किये हैं कि सभी देश नियंत्रण बरतें। युद्ध कोई रास्ता नहीं है। भारत की यह खामोशी इस बार भारत को बहुत महंगी पड़ने वाली है पहले बात करते हैं कि भारत को न चाहते हुए भी क्या-क्या गंवाना पड़ सकता है फिर अन्य पहलू पर भी बात होगी। यूएस-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग का असर भारत में भी पड़ने वाला है। इससे तेल की कीमतें बाधित हो सकती हैं। भारत का लगभग 50% कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होता है, जिसपर ईरान का दबदबा है। मिडिल ईस्ट में छिड़े इस युद्ध का असर कई देशों पर पड़ने वाला है, इसमें भारत भी शामिल है। भारत-ईरान की भले ही जमीनी सीमाएं नहीं मिलती हों, लेकिन भौगोलिक रूप से वह हिंदुस्तान का पड़ोसी क्षेत्र है। ऊर्ज़ा सुरक्षा लिहाज से ईरान भारत के लिए अहम माना जाता है। दरअसल, भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता है। वह 80% से अधिक तेल आयात करता है. रूस के बाद वह सबसे ज्यादा क्रूड ऑयल इराक, सऊदी अरब, यूएई, कुवैत और ओमान से खरीदता है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते भारत पहुंचता है। इस एरिया पर ईरान का कब्जा है। ईरान ने अब इस रास्ते को बंद कर दिया तो भारत में तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है। इंटरनेशनल मार्केट में क्रूड ऑयल का दाम बढ़ने की आशंका है। अगर 1 डॉलर की भी बढ़ोतरी हुई तो भारत 9,000 करोड़ रुपये सालाना के हिसाब से नुकसान होगा। इससे देश का राजकोषिय घाटा ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि रुपये की वैल्यू भी गिरेगी। तेल महंगा होने का असर अन्य चीजों पर भी पड़ेगा। जैसे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी। फल-सब्जी और रोजमर्रा की चीजें महंगी हो सकती हैं। जिसका बोझ सीधा आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएस-इजरायल और ईरान की यह जंग अगर लंबी खिचती है तो 2026 की अंतिम तिमाही तक कच्चे तेल की कीमतें 91 डॉलर बैरल को पार कर सकती हैं। सोचिए जब भारत 67 डॉलर प्रति बैरल से भी कम कीमत अभी कच्चा तेल खरीद रहा है, तब पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के करीब है। अगर यह 100 डॉलर प्रति बैरल हो गई तो तेल के भाव कितने होंगे। मिडिल ईस्ट के इस वॉर से तेल ही नहीं, बल्कि सोना-चांदी और कॉपर के दाम में भी उछाल आ सकता है। भारत दुनिया के देशों से भारी मात्रा में गोल्ड-सिल्वर खरीदता है। अब बात इरान की तो यह जान लीजिये कि कमजोर होकर भी ईरान बेहद खतरनाक है। लगभग पचास साल से ईरान अमेरिका के साथ जंग की आहट सुन रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारियां भी कर रहा था। चूंकि वह अमेरिका की सैन्य शक्ति से सीधे मुकाबला नहीं कर सकता और इस्राइल के जंग में कूदने की स्थिति में उसके लिए राह और भी मुश्किल थी, इसलिए उसकी रणनीति अलग तरह की रही। उसने ऐसे तरीकों के बारे में सोचा, जिनसे हमला करने वाले देश को नुकसान उठाना पड़े और पूरे पश्चिम एशिया के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिलाया जा सके। ईरान की सेना को पश्चिम एशिया में काफी ताकतवर माना जाता है। ग्लोबल फायरपावर के अनुसार, यह विश्व की शीर्ष 20 सैन्य शक्तियों में शामिल है और 145 देशों में से 16वें स्थान पर है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज के अनुसार, ईरानी सशस्त्र बल पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है, जिसमें कम से कम 5,80,000 सक्रिय सैनिक हैं। लगभग 2,00,000 प्रशिक्षित आरक्षित सैनिक हैं। ईरान के दुश्मन उससे भले ही डरते नहीं हों, लेकिन वे जानते थे कि उसके खिलाफ कोई भी युद्ध बेहद गंभीर होगा। 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के दौरान बहुत कम देश ईरान को हथियार बेचने के लिए तैयार थे। जब 1989 में जंग खत्म होने के एक साल बाद आयातुल्लाह खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता बने। उन्होंने रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स को देश में हथियार प्रणाली बनाने का आदेश दिया। इस प्रयास में भारी संसाधन लगाए गए। वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि ईरान को अपनी रक्षा जरूरतों के लिए फिर कभी विदेशी शक्तियों पर निर्भर न रहना पड़े। ईरान के पास हजारों मिसाइलें। ड्रोन भी हैं। पश्चिम एशिया के कई देशों में तैनात अमेरिकी बेस ईरान के हथियारों की जद में हैं। जून 2025 में इस्राइल के आश्चर्यजनक हमले के बाद ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों की कई लहरें इस्राइल पर दागीं। ईरान के हमले इस्राइल की उन्नत वायु रक्षा प्रणाली को भेद पाने में कुछ हद तक कामयाब भी रहे। ईरान ने 20 से ज्यादा तरह की बैलिस्टिक मिसाइलें विकसित की हैं, जिनकी जद में दक्षिणी यूरोप तक का इलाका है। ईरान बार-बार कहता रहा है कि उसके खिलाफ जंग केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगी। भले ही वह सैन्य रूप से अमेरिका से कमजोर हो, लेकिन ऊर्ज़ा बाजार और वैश्विक व्यापार में खलल पैदा कर वह दुनियाभर पर असर डालने की ताकत रखता है। ईरान के पास सबसे बड़ा आर्थिक हथियार है होर्मुज जलडमरूमध्य । यह दुनिया का बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जिसके जरिए दुनिया के कुल तेल उत्पादन का लगभग पांचवां हिस्सा यानी 20% तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी इसी रास्ते से गुजरती है। ईरान इस जलडमरूमध्य के उत्तरी हिस्से को नियंत्रित करता है। इसे इस तरह समझें कि अगर होर्मुज बंद हो जाए तो यह वैसा ही होगा।

# योगी खुद को हिंदू साबित नहीं कर रहे : शंकराचार्य

## काशी में कहा- गोमाता के लिए कोई प्रयास नहीं किया, हम धर्मयुद्ध करेंगे

**आरोप**


तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। '40 दिन का समय दिया गया था, 30 दिन हो चुके हैं, लेकिन योगी खुद को असली हिंदू साबित करते हुए नहीं दिख रहे। गोमाता के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। इसलिए हमें गोमाता की प्रतिष्ठा के लिए धर्मयुद्ध का ऐलान करना होगा। कौन गाय के पक्ष में है और कौन गाय के विपक्ष में, लाइन खींचकर के देखना होगा। यह जरूरी हो गया है कि 40 दिन बीतने के बाद 41वें दिन हम गोमाता की प्रतिष्ठा के लिए शुरू होने वाले धर्मयुद्ध का शंखनाद लखनऊ में जाकर कर दें। अब जो 10 दिन बचे हैं, उनमें आशा की अंतिम प्रतीक्षा रहेगी। उसके बाद 11 मार्च को 40 दिन की अवधि बीत जाने के बाद शंखनाद करने की जरूरत पड़ेगी।' यह बात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्ते-श्वरानंद ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कही। उन्होंने कहा कि 11 मार्च से लखनऊ में गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए धर्मयुद्ध का ऐलान करेंगे। इजराइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर हमला करने पर शंकराचार्य ने कहा कि जब पाखंड बढ़ता है तो इस तरह का युद्ध होता है। धर्म युद्ध होगा तो इस तरह के भौतिक युद्ध की जरूरत नहीं पड़ेगी इसी के लिए हमारे पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था कि अंग्रेजों को भगाओ। जिससे जब वो भाग जाएं तो हम लोग गाय काट-काटकर के उनको भेजें। यह कितनी घृणित बात है। यह युद्ध इसीलिए हो रहा है कि धर्म युद्ध लड़ने बंद हो गए। धर्म युद्ध होगा तो लोगों के मन में धर्म की प्रतिष्ठा होगी। धर्म के नाम पर जो पाखंड हो रहा है, वह समाप्त होगा। जब पाखंड बढ़ जाता है, तभी इस तरह के युद्ध होते हैं। अमेरिका का राष्ट्रपति कहता है कि हमें शांति का नोबल पुरस्कार मिलना चाहिए। युद्ध का सारा इंतजाम भी वही करता है। यह ढोंग है। ऐसा ढोंग जब संसार में फैल जाता है। ढोंग पर अंकुश नहीं लगाया जाता, तो इस तरह के युद्ध हो रहे हैं। इसलिए धर्मयुद्ध बहुत जरूरी है, जिससे इस तरह के भौतिक युद्ध न हों। जान-माल की क्षति लोगों की न हो। हम शांति की कामना नहीं करते हैं, जो गर्मी है वह निकल जाए, ताकि अपने आप शांति हो जाए। इसलिए हो जाने दो। कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। 13 फरवरी को 2 बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को उनके बयान दर्ज हुए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में FIR दर्ज की गई। FIR में शंकराचार्य, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात आरोपी बनाए गए। 24 फरवरी को शंकराचार्य ने प्रयागराज एडिशनल कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। 27 को हाईकोर्ट ने शंकराचार्य को जमानत दे दी।

### हमने 12 घंटे में जवाब दिया, वह 30 दिन में भी नहीं दे पाए

जब 10 दिन बीते, तो हम लोगों ने आकलन किया कि इन 10 दिनों में इन लोगों ने कुछ किया या नहीं। जब 20 दिन बीता तब भी आकलन किया।



शंकराचार्य ने कहा- हमसे पूछा गया कि 24 घंटे के अंदर बताओ कि तुम खुद को शंकराचार्य कैसे कह सकते हो? हम लोगों ने 12 घंटे में उत्तर दिया। उसके बाद इस बात की जांच के लिए कि हमारे समाज में कुछ 'कालनेमि' आ गए हैं। हम लोगों ने भगवा कपड़ा पहनकर के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहे आदित्यनाथ जी से पूछा था कि आप बताओ कि आप असली हिंदू कैसे हो? 40 दिन में

**फास्ट न्यूज**

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग से मची भगदड़

गोरखपुर। गोरखपुर के कैंट इलाके में स्थित नेपाल क्लब में शुक्रवार की रात 1:40 बजे हर्ष फायरिंग से अफरा तफरी मच गई। शादी के बीच ही अचानक एक शख्स ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग शुरू की तब वहां भगदड़ मच गई। खुद को बचाने के लिए लोग भागने लगे। मौजूद लोगों ने किसी तरह से हिम्मत कर रोका और पुलिस को सूचना दी। क्लब के संचालक की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मैनपुरी में मनरेगा बचाओ चौपाल लगी

मैनपुरी। मैनपुरी में मनरेगा योजना को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने न्याय पंचायत मधन के ग्राम नगला सावज में मनरेगा बचाओ चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर मनरेगा में बदलाव कर मजदूरों की रोजी–रोटी पर चोट करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि देश की पहचान जवान और किसान से है, उन्होंने आरोप लगाया कि पहले अग्निवीर योजना से जवानों की स्थायी भर्ती खत्म की गई और अब मनरेगा में बदलाव कर किसानों व मजदूरों की आजीविका पर असर डाला जा रहा है।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से साइकिल सवार पति की मौत

सेवराई। गहमर कोतवाली क्षेत्र के भदौरा–दिलदारनगर मुख्य नहर मार्ग पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से साइकिल सवार पति की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। नगसर थाना क्षेत्र के गगरन गांव निवासी विनोद प्रसाद बिंद (45) अपनी पत्नी किरण देवी के साथ होली की खरीदारी करने भदौरा आए थे।

# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

### 1 महीने पहले जमीन खरीदी थी, कब्जा लेने पहुंचे थे

तमसा संकेत, एजेंसी



भूपेंद्र सिंह, मृतक

अयोध्या। अयोध्या में रविवार को एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह आज सुबह जमीन पर कब्जा लेने पहुचे थे। तभी दूसरे पक्ष से उनकी कहासुनी हो गई। पहले गाली-गलौज हुई। इसके बाद अंधाधुंध फायरिंग शुरू हो गई। इस दौरान प्रॉपर्टी डीलर के सीने में 2 गोलियां लगीं, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया- एक महीने पहले प्रॉपर्टी डीलर ने जमीन खरीदी थी। रविवार को वह उस पर कब्जा लेने गया था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान भूपेंद्र सिंह (40) पुत्र सुरेश सिंह के रूप में हुई है। भूपेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के अंकारीपुर में रहते थे। करीब 2 साल से वह प्रॉपर्टी का काम कर रहे थे। करीब एक महीने पहले भूपेंद्र सिंह ने अपने भाई यतेंद्र सिंह के नाम पर काजीपुर गाड़र में मंडा-कोटवा बाईपास के पास लगभग 1,200 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी थी।

# हनीट्रैप में 3 महिलाओं समेत 6 गिरफ्तार

### प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी बोली-मेरे पति के कपड़े जबरन उतारकर अश्लील वीडियो बनाई, 3 लाख रुपए मांगे

तमसा संकेत, एजेंसी



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में पुलिस ने हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के एक सनसनी-खेज मामले का खुलासा करते हुए तीन महिलाओं समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी की शिकायत के आधार पर की गई। आरोप है कि आरोपियों ने प्रॉपर्टी डीलर को जाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो रिकॉर्ड की और उसे वायरल करने की धमकी देकर 3 लाख रुपये की मांग की। यह पूरा मामला मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित रामगंगा विहार कॉलोनी से जुड़ा है। आरोप है कि मकान में पहुंचने के बाद वहां पहले से मौजूद 2-3 लोगों ने विकास मेहरा के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने जबरन उनके कपड़े उतरवाए और महिला के साथ उनकी अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर ली। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए उनसे 3 लाख रुपये की मांग की। इस घटना से पीड़ित और उनका परिवार बेहद भयभीत हो गया। घटना के बाद पीड़ित की पत्नी सुचिता मेहरा ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर शीबा उर्फ सानिया, निशा पत्नी जावेद, मुस्कान पुत्री मुराद, अरमान उर्फ अमान, जावेद और वसीम के खिलाफ हनीट्रैप, ब्लैकमेलिंग और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

### प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने बुलाकर बनाया शिकार

पीड़ित की पत्नी सुचिता मेहरा ने सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पति विकास मेहरा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। नवंबर 2025 में उनकी मुलाकात चक्कर की मिलक निवासी शीबा उर्फ सानिया पत्नी शादाब से हुई थी। शीबा ने खुद को प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़ा बताते हुए कई बड़े सौदे कराने का भरोसा दिलाया और इसी बहाने उनसे 20 हजार रुपये भी ले लिए। शिकायत के अनुसार, 24 फरवरी को शीबा ने विकास मेहरा को प्रॉपर्टी दिखाने के बहाने जिगर कॉलोनी बुलाया। इसके बाद वह उन्हें चाबी लेने के बहाने चक्कर की मिलक स्थित एक दो मंजिला मकान में ले गई।

**पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी पहले भी इस तरह की वारदातों में शामिल रहे हैं या नहीं। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्होंने और किन लोगों को अपना शिकार बनाया है।**

# खड़े ट्रक में घुसीं दो रोडवेज बसें, 29 यात्री घायल

तिलहर। शाहजहांपुर के तिलहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रविवार शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया। हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से दो सरकारी रोडवेज बसें जा घुसीं। इस दुर्घटना में महिला-पुरुष समेत कुल 29 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना ग्राम धनेली पल्टू के निकट उस समय हुई, जब सड़क किनारे खड़े ट्रक से आगे चल रही रोडवेज बस टकरा गई। उसके पीछे आ रही दूसरी बस भी नियंत्रण खो बैठी और पहली बस में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बसों में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों और सरकारी एंबुलेंस की मदद से बसों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

### देशभक्ति प्रस्तुतियों से गूंजा परिसर, कवियों की रचनाओं ने दिया सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश

# सीएमएस जूनियर हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र के सीएमएस जूनियर हाईस्कूल में शनिवार देर शाम वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और सादगी के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक चौधरी चरण सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर सांस्कृतिक रंगों और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि लल्लन वर्मा एवं वरिष्ठ कवि जगन्नाथ निर्दोष द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। "तिरंगा ऊंचा रहेगा, भारत मेरा नहीं झुकेगा" जैसे गीतों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों में देशभक्ति की भावना जागृत कर दी। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा।

**“विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर देना है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और छात्रों की सर-हना की गई।”**



### कवि सम्मेलन ने बांधा समां, कवियों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुतियां

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद आयोजित कवि सम्मेलन समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई। युवा कवि डॉ. ओम शर्मा ने अपनी मार्मिक कविता प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावुक कर दिया।

### कुशल संचालन और गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति

कवि सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय कवि डॉ. समेंश शर्मा 'शर्मेश' द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। उन्होंने अपने विशिष्ट अंदाज से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा और कवियों का परिचय देते हुए श्रोताओं को जोड़े रखा। वार्षिकोत्सव समारोह ने विद्यालय और क्षेत्र में शिक्षा एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान की।

# खुद को मरा दिखाने के लिए दोस्त की हत्या

### रेप की सजा से बचने के लिए रची साजिश

तमसा संकेत, एजेंसी



रोहित, मृतक

सहारनपुर। सहारनपुर में युवक ने खुद को मृत दिखाने के लिए अपने दोस्त की हत्या कर दी। लाश कार में बैठाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आरोपी ने रेप केस में सजा से बचने के लिए ऐसा किया। वारदात के बाद आरोपी देहरादून भाग गए। मुख्य आरोपी ने पहचान छिपाने के लिए अपने बाल कटवा लिए। नया सिम कार्ड ले लिया और अपने भाई को फोन कर गुमशुदगी दर्ज कराने को कहा। ताकि पुलिस उसे मृत मान ले। भाई ने जब गुमशुदगी दर्ज करा दी। 25 फरवरी को काली नदी के पास अमरपुर के जंगल में सड़क किनारे आल्टो कार में जला हुआ शव मिला। पुलिस ने जांच की तो मामला खुल गया। 28 फरवरी को मुख्य आरोपी समेत 4 लोगों को अरेस्ट किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मामला थाना गागलहेड़ी क्षेत्र का है। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि 25 फरवरी ग्राम चौराखुर्द के प्रधान ने पुलिस को सूचना दी कि चांदपुर के रास्ते पर पुलिया के पास एक आल्टो कार जली हालत में खड़ी है। जिसमें एक व्यक्ति का जला हुआ शव है। पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कार के जले हुए नंबर के आधार पर उसकी पहचान की गई। जांच में पता चला कि कार कई बार बिक चुकी थी।

**प्रदर्शन :** ट्रामा सेंटर के डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप, स्टूडेंट बोले-यहां मांगा जा रहा है पैसा

# बीएचयू में एक्सीडेंट में छात्र की मौत पर हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी



वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वीसी हाउस के सामने छात्रों ने प्रदर्शन के बाद हंगामा किया। यह प्रदर्शन शनिवार रात बीएचयू में एक्सीडेंट के बाद ट्रामा सेंटर में छात्र की मौत होने के विरोध में है। छात्रों का आरोप है कि ट्रामा सेंटर में डॉक्टर्स की लापरवाही की वजह से छात्र की जान चली गई। यदि समय पर डॉक्टर ट्रीटमेंट शुरू करते तो बिहार के औरंगाबाद निवासी छात्र सूरज प्रताप (22) आज जिंदा होता। सूरज एमसी एग्रीकल्चर के सेकेंड ईयर का छात्र था। फिलहाल मौके पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम छात्रों को समझा रही है। जबकि छात्र परिजनों को मुआवजे और ट्रामा सेंटर के डॉक्टर्स पर कार्रवाई को लेकर अड़े हुए हैं। छात्र बोले- स्टूडेंट होने के बावजूद हमसे ट्रामा सेंटर में सिटी स्कैन का पैसा मांगा गया। इसके बाद हमने सिटी स्कैन कराया गया। हमारा मानना है कि ट्रामा सेंटर के डॉक्टर अगर त्वरित इलाज देते तो हमारा दोस्त बच सकता था। लेकिन आज वह हमारे बीच नहीं है। धरना दे रहे छात्रों की मांग है कि- ट्रामा सेंटर में किसी भी घायल छात्र या व्यक्ति को बिना देरी के तत्काल इलाज दिया जाए। कागजी औपचारि-कताओं के कारण इलाज में देरी न हो। इसके अलावा मृतक छात्र के परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उनके परिवार को भविष्य में किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### छात्र कर रहे हैं ये मांग

धरना दे रहे छात्रों की मांग है कि- ट्रामा सेंटर में किसी भी घायल छात्र या व्यक्ति को बिना देरी के तत्काल इलाज दिया जाए। कागजी औपचारिकताओं के कारण इलाज में देरी न हो। इसके अलावा मृतक छात्र के परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उनके परिवार को भविष्य में किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### देर रात बीएचयू कैंपस में हुआ था एक्सीडेंट

प्रदर्शन कर रहे छात्र आशीष सिंह ने बताया – औरंगाबाद, बिहार निवासी सूरज प्रताप (उम्र 22 वर्ष), जो एमएससी एग्रीकल्चर सेकंड ईयर के छात्र थे। शनिवार देर रात लगभग साढ़े बारह बजे अपने दो दोस्तों के साथ अवेंजर बाइक से बाल गंगाधर तिलक हास्टल से निकले थे। जैसे ही वे जेसी बोस हास्टल के पास पहुंचे।

*छात्र आशीष ने बताया- घायल छात्र को तत्काल एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर ले गए। वहां वो स्ट्रेचर पर तड़प रहे थे लेकिन हमसे प्रोसेस पूरा करने को कहा गया। जबकि हमने अपना स्टूडेंट परिचय पत्र भी दिखाया पर हमें इंतजार करवाया गया। थोड़ी देर बाद उन्हें दर्द का इंजेक्शन लगाया गया पर उन्हें आराम नहीं मिला। जब हम इंजेक्शन लगवाकर आये तो डॉक्टर ने कहा कि इनकी हालत बहुत क्रिटिकल है। ऐसे में उन्हें सीपीआर दिया गया।*

# जुरौंडा गांव के पास प्रतिबंधित अर्जुन के 5 हरे पेड़ों की अवैध कटाई

### वन विभाग ने जांच शुरू कर एफआईआर की तैयारी की

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। फतेहपुर वनक्षेत्र रेंज के अंतर्गत सूरतगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत जुरौंडा के पास प्रतिबंधित और हरे-भरे अर्जुन के पांच विशाल पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। दिनदहाड़े हुई इस कटान से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के बाद वन विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, जिन अर्जुन के पेड़ों को काटा गया, वे कई वर्षों पुराने थे और पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते थे। आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति या परमिट के लकड़कट्टों ने इन पेड़ों को काटकर गिरा दिया और मौके से लकड़ी हटाने की तैयारी में थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से प्रतिबंधित और हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी है। लकड़कट्टे बिना किसी भय के हरियाली पर आरा चला रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र की शेष हरियाली भी खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने वन विभाग से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, आसपास के गांवों में भी बड़े पैमाने पर हरे-भरे और प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई की जा रही है। आरोप है कि कुछ ठेकेदारों को विभागीय संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते वे नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि बिना विभाग की जानकारी के इतने बड़े पेड़ों की कटाई संभव नहीं है। पर्यावरण प्रेमियों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि अर्जुन के पेड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पेड़ न केवल वायु को शुद्ध करते हैं, बल्कि औषधीय गुणों से भी भरपूर होते हैं और कई आयुर्वेदिक उपचारों में उपयोग किए जाते हैं।इन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ सकता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। संबंधित ठेकेदार को तलब किया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी और कड़ी की जाएगी।

## लिखा- मेरी जान ही नहीं रही तो जी के क्या करुंगा, सुल्तानपुर में साथ दफनाए गए

# गर्लफ्रेंड की मौत के बाद प्रेमी ने की खुदखुशी

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर । यूपी के सुलतानपुर में गर्लफ्रेंड की मौत के बाद प्रेमी ने सुसाइड कर लिया। दोनों 3 साल से रिलेशन में थे। गर्लफ्रेंड की 25 फरवरी की दोपहर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। खबर सुनते ही युवक का दिल टूट गया। उसे आखिरी बार देखने घर पहुंचा। पता चला कि उसे दफना दिया गया है।

युवक सीधे कब्रिस्तान पहुंचा। कब्र खोदने लगा। वहां मौजूद लोगों ने रोका तो वह वहां से चला गया।


विनीत, प्रेमी — अर्पिता, प्रेमिका

फिर वापस नहीं लौटा। दो दिन बाद यानी 28 फरवरी को उसका शव एक बाग में फांसी पर लटकता मिला। परिजनों ने उसे गर्लफ्रेंड की कब्र के पास ही दफना दिया।

इस बीच, युवक के सुसाइड से पहले का इंस्टाग्राम पोस्ट सामने आया। इसमें लिखा था- हेलो भाई... ये मेरा आखिरी वीडियो है। जब मेरी जान ही इस दुनिया में नहीं रही तो मैं जी के क्या करूंगा। मुझे माफ करना भाई लोग, बाय। मामला लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के भागीरथ पट्टी, घाटमपुर उत्तरी गांव का है। घाटमपुर का रहने वाला विनीत (25) तीन भाइयों में सबसे छोटा था। चौथी कक्षा तक पढ़ा था। उसके पिता की मृत्यु 5 साल पहले हो चुकी है। एक कपड़े की दुकान में काम करता था। यहीं पर एक लड़की अर्पिता भी काम करती थी। दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे। धीरे-धीरे दोनों में प्यार हो गया। विनीत के भाई स्वामित्त ने बताया कि 25 फरवरी को एक सड़क हादसे में अर्पिता मौत हो गई थी। वह अपने भाई के साथ बाजार गई थी, जहां एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी।

### पुलिस को विनीत की लोकेशन एक बाग में मिली

पुलिस उसे दो दिन तक ढूंढती रही, लेकिन वह मिला नहीं। फिर विनीत का फोन ट्रेस हुआ। उसकी लोकेशन गांव से ही 8 किमी दूर एक बाग में मिली। जब परिजन और पुलिस वहां पहुंचे तो विनीत का शव फंदे से लटकते मिला।


यह तस्वीर विनीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड की है।

**भाई ने बताया- अगले दिन अर्पिता की मौत की जानकारी जब विनीत को लगी तो वह सदमे में आ गया। वह आखिरी बार अर्पिता को देखने उसके घर गया। वहां पर वह रोते-रोते बेहोश हो गया। फिर हम उसे घर वापस ले आए।**

### पुलिस को जेब से एक प्रेम पत्र मिला

पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आसपास जांच की पुलिस को एक प्रेम पत्र भी उसकी जेब से मिला। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। शनिवार शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर आया और परिजनों उसके शव को अर्पिता की कब्र के बगल में ही दफना दिया।

# होली पर मनचलों पर नजर रखने पुलिस की गश्त

## आझई खुर्द में थाना प्रभारी ने किया पैदल मार्च



तमसा संकेत, संवाददाता

चौमुंहा। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से आझई खुर्द में थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में रविवार सुबह करीब 11:30 बजे पैदल मार्च निकाला गया।

यह गश्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निर्देश पर की गई। एसएसपी ने होली के दौरान मनचलों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए हैं, ताकि त्योहार के समय किसी भी प्रकार की अभद्रता या अशांति की स्थिति उत्पन्न न हो। थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी तरह की आपत्ति-जनक या अवैध गतिविधि में शामिल पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे होली का त्योहार सौहार्द और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**फास्ट न्यूज**

### 31,000 रुपए किलो बिक रही गुजिया

कानपुर। कानपुर में होली के रंगों के साथ इस बार शहर में मिठास भी खास अंदाज में घुलने जा रही है। कानपुर के मिठाई बाजार में सोने की वर्क लगी शाही गुजिया ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। 24 कैरेट सोने के वर्क से सजी इस खास गुजिया की कीमत 31,000 रुपए प्रति किलोग्राम रखी गई है। यह शहर की सबसे महंगी गुजिया है। सोने की सिंगल गुजिया का बॉक्स मात्र 750 रुपए कीमत का है।

### पत्नी की गला दबाकर हत्या, शव नाले में फेंका

कानपुर । कानपुर में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर शव को कंबल में लपेट कर घर से 500 मीटर दूर नाले में फेंक दिया। शव पानी में उतराए न, इसके लिए पत्थर से दबा दिया। शनिवार सुबह राहगीरों को नाले में सिर दिखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाकर मोर्चरी पर रखवाया।

देर रात शव की पहचान भाई ने पनकी के सरायमीता निवासी आकृति सिंह उर्फ रूबी (28) के रूप में किया। पांच साल पहले आकृति ने मंदिर में लव मैरिज की थी। पुलिस ने आरोपी पति और दो जेठ को अरेस्ट कर लिया है।

### एटीएस अधिकारी बन बुजुर्ग से ठगे 12 लाख

आगरा । सदर क्षेत्र में रहने वाले 68 वर्षीय रिटायर्ड राज्यकर्मी विनोद वीर सिंह को साइबर अपराधियों ने अपना शिकार बनाया। अपराधियों ने खुद को एटीएस अधिकारी बताकर विनोद वीर सिंह को पुलवामा हमले के आतंकी के पकड़े जाने की जानकारी दी।

उनके आधार कार्ड से लिंक डेबिट कार्ड के जरिए 536 करोड़ का लेन-देन होने की बात कही।

# राधा-मोहन गौशाला में फूलों की होली भक्ति और परंपरा का संगम

## राधा-कृष्ण और भोले-पार्वती की मनमोहक झांकियां रहीं आकर्षक

तमसा संकेत, संवाददाता




मथुरा (चौमुंहा)। ब्रज में होली का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में चौमुहां स्थित राधा मोहन जी गौशाला में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जयकृष्ण दास महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। समारोह का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण और भोले-पार्वती की मनमोहक झांकियां रहीं। जैसे ही दिव्य स्वरूप मंच पर विराजमान हुए, पूरा परिसर 'राधे-राधे' के उद्घोष से गूंज उठा। इसके पश्चात ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली खेली गई, जिसमें गुलाब और गेंदे की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे।

अपने संबोधन में संत जयकृष्ण दास महाराज ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने आपसी भेदभाव मिटाकर भाईचारे के साथ रहने तथा गौ-सेवा के महत्व पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सहित गिर्राज प्रसाद शर्मा, श्रीगोपाल एडवोकेट, राजेश पहलवान, मनोज सिसोदिया, विष्णु सिसौदिया, राधावल्लभ शर्मा, भगवान सिंह, सियाराम, सुगनो नेता, सौदान सिंह एवं मूली सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम ने एक बार फिर ब्रज की होली को भक्ति और परंपरा के रंगों से सराबोर कर दिया।

## नंद किला मंदिर से लेकर मुरलीधर घाट तक भगवान कन्हैया जी का डोला शोभायात्रा निकाला

# गोकुल में खेली गई छड़ीमार होली कन्हैया जी का निकला डोला

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता



**ब्रज में जहां कई स्थानों पर लट्ठमार होली प्रसिद्ध है, वहीं गोकुल की विशेषता यह है कि यहां गोपियों के हाथों में लट्ठ नहीं, बल्कि छड़ी दिखाई देती है, जो इस परंपरा को अलग पहचान देती है।**

मथुरा। ब्रजभूमि में होली के रंग अपने चरम पर हैं। रविवार को गोकुल में परंपरागत छड़ीमार होली का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। टेसू के फूलों से बने प्राकृतिक रंग, रसिया और ब्रज के लोकगीतों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में सराबोर नजर आए।

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की स्थली गोकुल में हर वर्ष द्वापर युग की दिव्य होली को जीवंत किया जाता है। मान्यता है कि इसी भूमि पर कन्हैया ने अपने सखा-सखियों के साथ रंगों की होली खेली थी। उसी परंपरा को निभाते हुए आज भी यहां छड़ीमार होली की अनूठी छटा देखने को मिलती है।

नंद किला मंदिर से लेकर मुरलीधर घाट तक भगवान कन्हैया जी का डोला (शोभायात्रा) निकाला गया। आगे-आगे कान्हा की सुसज्जित पालकी और पीछे सुंदर वस्त्रों में सजी गोपियां हाथों में छड़ी लिए चल रही थीं। बैंड-बाजों और जयकारों के बीच शोभायात्रा जब मुरलीधर घाट पहुंची तो होली का उल्लास चरम पर पहुंच गया।

जैसे ही भगवान के बाल स्वरूप का डोला घाट पर विराजा, गोपियों ने कृष्ण के सखाओं पर प्रतीकात्मक रूप से छड़ियां बरसानी शुरू कर दीं। पूरा वातावरण रंग, अबीर-गुलाल और जयकारों से गूंज उठा। गोकुल का आसमान रंगों से सराबोर हो गया और श्रद्धालुओं ने जमकर छड़ीमार होली का आनंद उठाया।

**हुरियार व हुरियारे:** "गोकुल की छड़ीमार होली हमारे लिए आस्था और परंपरा का पर्व है। यहां आकर ऐसा लगता है मानो द्वापर युग की होली सजीव हो उठी हो।"

**स्थानीय सेवायत:** "यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। श्रद्धालु देश-विदेश से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की होली के दर्शन करने आते हैं और पूरे उत्साह से भाग लेते हैं।"

गोकुल की छड़ीमार होली एक बार फिर भक्ति, परंपरा और उल्लास का अद्भुत संगम बनकर सामने आई।

## शिव-पार्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

# हिंदुओं को संगठित होने की जरुरत, सम्मेलन में उमड़े लोग

तमसा संकेत, संवाददाता




**शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सेवा प्रमुख राजकुमार मंटोला, भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर व भगवताचार्य हेमलता शास्त्री एवं मानमंदिर सेवा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष राधाकांत शास्त्री ने राधाकृष्ण की छवि पर माल्यार्पण कर किया।**

मथुरा। सादाबाद रोड बलदेव पर एक नव कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें शिव-पार्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

राजकुमार मंटोला ने कहा कि संघ के सौवें स्वर्ण जयंती वर्ष पर हिंदुओं को जोड़ने के लिए प्रत्येक मंडल पर सम्मेलन हो रहा है।भगवताचार्य देवकी नंदन ठाकुर जी ने दाऊजी महाराज की नगरी बलदेव को शराब मुक्त करने की मुहिम चलाने को बलदेव बासियों से कहा।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश,विधायक राजेश चौधरी,विधायक बाबूलाल चौधरी,पूर्व विधायक प्रणतपाल ,गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय,जितेंद्र सिकरवार उपराष्ट्र-पति के सलाहकार, दीनदयाल धाम निदेशक सोनपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख यतेंद्र सिकरवार, निरंजन धनगर, आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक ओमवीर सिंह सिकरवार, श्यामवीर सिकरवार, अजय सिकरवार ने किया।रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर,कुंवर नरेंद्र सिंह,चेयरमैन बलदेव डॉ.मुरारीलाल,डा.अशोक सिकरवार, किसान नेता बुद्धा सिंह,मनीष गर्गाचार्य,चंद्रभान प्रधान , योगेंद्र प्रधान, विपिन प्रधान, शिवकुमार भरंगर, सतेंद्र पहलवान,युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा, मुकुट चौधरी, चंद्रवीर भरंगर, धर्मवीर सिंह, ओमप्रकाश सिंह,चंद्रपाल सिंह देशबार,देव अग्रवाल,रालोद नेता रोहित प्रताप,मोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# भारत और अमेरिका सहयोग पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन

## दो दिवसीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस पर 70 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत

तमसा संकेत, संवाददाता





बरेली। डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस एंड स्ट्रेटेजिक स्ट्डीज द्वारा "India–US Cooperation in Present Global Scenario: From Strategy to Economic Conflict" विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का द्वितीय दिवस अत्यंत सफल एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संगोष्ठी इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (ICWA), नई दिल्ली के सहयोग से हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन सचिव डॉ. यशार्थ गौतम के समन्वित प्रयासों से कार्यक्रम सुचारु और व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ।

द्वितीय दिवस पर ऑनलाइन टेक्निकल सत्र आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 शोधार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। सत्र के चेयरपर्सन प्रोफेसर हरिशरण (डी.डी.यू. गोरखपुर विश्वविद्यालय) तथा को-चेयरपर्सन प्रोफेसर भारती दास (रक्षा अध्ययन विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद) रहीं।मुख्य वक्ताओं के रूप में प्रोफेसर चंद्रकांत बंशीधर बांगे (हेड एवं रिसर्च गाइड, डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री साइंस, श्री शिवाजी कॉलेज, परभानी, महाराष्ट्र) एवं श्री दिनेश कुमार गुप्ता (दयानंद वैदिक कॉलेज, उरई, जालौन) ने अपने विचार रखे। ऑनलाइन सत्र के को-ऑर्डिनेटर डॉ. रितेश कुमार चौरसिया (रक्षा अध्ययन विभाग, बरेली कॉलेज) रहे। तकनीकी सहयोग में डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. रवि कुमार गंगवार (IVRI, बरेली), अंजलि सरीना (बी.ई.), अभिषेक गौतम, प्रदीप कुमार, नितिन कुमार, कुणाल, आदर्श एवं कृष्ण बजाज का विशेष योगदान रहा। ऑफलाइन सत्रों में लगभग 20 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### सुप्रीम लीडर खामेनेई ...

हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजराइल के प्रधानमंती नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म 19 अप्रैल 1939 को ईरान के धार्मिक शहर मशहद में एक मौलवी परिवार में हुआ था। वे खोमैनी शाह की नीतियों के खिलाफ थे और इस्लामी शासन की वकालत करते थे।

1963 में शाह के खिलाफ भाषण देने पर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। धीरे-धीरे वे सरकार विरोधी आंदोलन का बड़ा चेहरा बन गए और खोमैनी के भरोसेमंद सहयोगी माने जाने लगे।

1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति हुई और शाह की सरकार गिर गई। खोमैनी देश लौटे और नई इस्लामी सरकार बनाई। खामेनेई को क्रांतिकारी परिषद में जगह मिली और बाद में उप रक्षामंत्री बनाया गया।

1981 में तेहरान की एक मस्जिद में भाषण के दौरान खामेनेई पर बम हमला हुआ। उसी साल एक और बम धमाके में तत्कालीन राष्ट्रपति की मौत हो गई। इसके बाद हुए चुनाव में खामेनेई भारी बहुमत से जीतकर ईरान के तीसरे राष्ट्रपति बने।

1989 में खोमैनी के निधन के बाद खामेनेई को देश का सर्वोच्च नेता यानी 'रहबर' बनाया गया। इसके लिए संविधान में बदलाव भी किया गया। समर्थक उन्हें इस्लामी व्यवस्था का मजबूत रक्षक मानते हैं, जबकि आलोचक उन पर सख्त और कट्टर शासन चलाने का आरोप लगाते हैं।

न्यूक्लियर प्रोग्रामः अमेरिका को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। इसी वजह से उसने कई बार उस पर पाबंदियां लगाईं। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ बिजली बनाने और वैज्ञानिक रिसर्च के लिए है, हथियार बनाने के लिए नहीं।

बैलिस्टिक मिसाइल मुद्दाः परमाणु समझौते की बातचीत में ईरान का मिसाइल प्रोग्राम सबसे बड़ा अड़ंगा बना हुआ है। ईरान साफ कहता है कि उसकी बैलिस्टिक मिसाइलें उसकी सुरक्षा के लिए जरूरी हैं और इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। वह इसे अपनी "रेड लाइन" मानता है।

एजेंसी ने दावा किया कि इजराइल-अमेरिका की संयुक्त एयरस्ट्राइक में तेहरान के उत्तर-पूर्वी इलाके नारनाक में उनके घर को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में अहमदीनेजाद के साथ उनके कई बॉडीगार्ड भी मारे गए।

### अमेरिका ने ईरान ...

कमांड के मुताबिक, यह युद्धपोत ओमान की खाड़ी में चाबहार पियर पर मौजूद था, जब उसे निशाना बनाया गया। हमले के बाद जहाज को गंभीर क्षति पहुंची और वह डूबने की स्थिति में है।

### योजना : कुपोषण पर ...

इस दूरदर्शी योजना का औपचारिक शुभारम्भ अगस्त 2022 में धर्मनगरी अयोध्या से किया गया था। पिछले साढ़े तीन वर्षों में इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे उत्तर प्रदेश में लागू कर दिया गया है। सरकार की इस सक्रियता का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन और उपस्थिति, दोनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि स्वस्थ बचपन ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' का आधार है। बाल्यावस्था में पोषण की कमी बच्चों की शारीरिक और शैक्षिक प्रगति में बाधा न बने, इसके लिए हॉट कुक्ड मील योजना को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। योजना के संचालन से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के निरंतर संकेत मिल रहे हैं, जो प्रदेश की एक नई और सेहतमंद तस्वीर पेश करते हैं।

### तमिलनाडु-पुडुचेरी...

वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉ-यल कॉरिडोर रुका रहा, थूथुकुडी ट्रांसशिपमेंट सिर्फ कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। हमने बंदरगाह और मदुरवॉयल एलिवेटेड कॉरिडोर को पुनर्जीवित किया। हमने कामराजा और चेन्नई बंदरगाह को एकीकृत करके भारत का पहला पोर्ट क्लस्टर बनाया।

तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थीं, तब वे निष्क्रिय थीं। मदुरवॉयल कॉरिडोर का काम रुका रहा, थूथुकुडी से माल ढुलाई का काम केवल कागजों पर ही रह गया। 2014 के बाद हमें चेन्नई बंदरगाह मिला। डीएमके न तो गरीबों के लिए काम करती है और न ही दूसरों को काम करने देती है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तमिलनाडु में छह लाख से अधिक घर पूरे हो चुके हैं। इन परिवारों को अपना घर मिल गया है... वहीं दूसरी ओर, डीएमके की वजह से लगभग तीन लाख घर अभी भी अधूरे हैं।

DMK मदुरै में माफिया-शैली की राजनीति लेकर आई। उन्होंने खराब सड़कें, खराब जल निकासी व्यवस्था और अपशिष्ट प्रबंधन का अभाव पैदा किया। उन्होंने मदुरै को स्वच्छता के मामले में राष्ट्रीय रैंकिंग में सबसे निचले पायदान पर पहुंचा दिया। यहां तक कि भ्रष्टाचार के कारण मदुरै के DMK मेयर को भी इस्तीफा देना पड़ा। यही उनका मॉडल है, पैसा खुद के लिए, समस्याएं जनता के लिए!

2021 में, 25 लंबे वर्षों के बाद, DMK को अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिला। लेकिन उन्होंने सुशासन नहीं दिया। उन्होंने वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देते हुए राज्य को लूटा और जनता की आकांक्षाओं को नजरअंदाज किया। मदुरै को देखिए। मदुरै ने एमजीआर का साथ दिया, जिन्हें इस शहर से बेहद प्यार था; यही कारण है कि DMK ने कभी मदुरै को पसंद नहीं किया।

### '2027 में सपा ...

रविवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ, भ्रम और षड्यंत्र की राजनीति करती है और कार्यकर्ताओं को इससे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को बदनाम करने के लिए कुप्रचार कर रही है और अपने विरोधियों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम करती है।

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को मजबूत करें और जनता के बीच जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता के समर्थन से वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और सामाजिक न्याय की स्थापना होगी।

### '2027 में सपा ...

उन्होंने मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार के पास अब जनता को जवाब देने का समय नहीं बचा है।

### कोर्ट का फैसला ...

अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और BJP के लिए करारा जवाब है। AAP को खत्म करने के लिए खुद प्रधानमंत्री इस केस की निगरानी कर रहे थे। IIT से पढ़ाई के बाद मैं अमेरिका जा सकते थे, लेकिन देश सेवा के लिए भारत में ही रहा। इनकम टैक्स विभाग में नौकरी के दौरान मैंमे रिश्वत लेने से मना किया और ईमानदारी से काम किया।

## गोलकीपर सविता पूनिया ने नाम वापस लिया, मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तानी करेंगे

# वर्ल्ड कप क्वालिफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

सविता पूनिया की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी मिडफील्डर सलीमा टेटे को दी गई है। सलीमा लंबे समय से भारतीय टीम का अहम हिस्सा रही हैं।

**घोषणा**

नई दिल्ली एजेंसी

हॉकी इंडिया ने एफआईएच विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। रविवार को घोषित 20 सदस्यीय टीम की कमान युवा मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि टीम की अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। भारतीय टीम के लिए यह क्वालिफायर टूर्नामेंट बेहद अहम माना जा रहा है।



## हैदराबाद में आयोजित होंगे क्वालिफायर मुकाबले

एफआईएच विमेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के क्वालिफायर मुकाबले 8 से 14 मार्च के बीच हैदराबाद में आयोजित किए जाएंगे। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा भारतीय टीम को मिल सकता है। हैदराबाद में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट से भारतीय खिलाड़ियों को घरेलू दर्शकों का समर्थन मिलेगा, जो टीम के मनोबल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने टीम की तैयारियों पर संतोष जताया है और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि टीम ने पिछले कुछ हफ्तों में फिटनेस, रणनीति और मैच स्थितियों पर गहन अभ्यास किया है।

## पारिवारिक कारणों से टूर्नामेंट से बाहर हुईं सविता पूनिया


भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने पारिवारिक कारणों से इस टूर्नामेंट से ब्रेक लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सविता अपने परिवार के साथ समय बिताना चाहती हैं और इसी वजह से उन्होंने चयन प्रक्रिया से पहले ही खुद को उपलब्ध नहीं कराया।



# फिटनेस की नई रेस 'हायरॉक्स' भारत में वायरल

## पिछले साल मई में हुई शुरुआत, अब 11-12 अप्रैल को बेंगलुरु में होगी

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी




भारत में फिटनेस अब जिम या मैराथन तक सीमित नहीं रही। अब चर्चा है हायरॉक्स की। यह दुनिया की सबसे बड़ी इनडोर फिटनेस रेस है जो रनिंग और फंक्शनल वर्कआउट को एक फॉर्मेट में जोड़ती है। यह एक हायब्रिड फिटनेस का रूप है। पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। अब 11, 12 अप्रैल को यह रेस बेंगलुरु में होनी है। जानते हैं इसके बारे में... इसमें प्रतिभागी 1 किलोमीटर दौड़ते हैं और उसके बाद एक फंक्शनल एक्सरसाइज का सेट पूरा करते हैं, जैसे स्लेड पुश, रोइंग, बर्पी ब्रॉड जंप या वॉल बॉल। यह कुल आठ बार दोहराया जाता है। आखिर में देखते हैं कि किसने कितनी देर में इसे पूरा किया। यह एक हाइब्रिड फिटनेस का रूप है, खास बात है कि यह किसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में नहीं बल्कि बड़े इंडोर सेंटर्स में आयोजित होती है। पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। मुंबई में हुए पहले हायरॉक्स में 1650 लोगों ने हिस्सा लिया था। अब 11-12 अप्रैल को बेंगलुरु में हायरॉक्स होनी है, इसके लिए 8500 लोग पहले ही जुड़ चुके हैं, यानी करीब एक साल में एंट्री लगभग 5 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं।

## हीली आखिरी वनडे में शतक लगाने वाली दूसरी महिला क्रिकेटर

### भारत के खिलाफ 158 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया ने 410 रन का टारगेट दिया

नई दिल्ली एजेंसी



टीम इंडिया ने खेल शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को उनके अंतिम वनडे मैच पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने आज भारत के खिलाफ अपने करियर का आखिरी वनडे खेला। उन्होंने इस मुकाबले में 98 बॉल पर 158 रन बनाए। हीली दूसरी ही महिला क्रिकेटर हैं जिन्होंने आखिरी ODI मुकाबले में शतक बनाया है। उनसे पहले ऐसा साउथ अफ्रीका का जोहमारी लॉटेगबर्ग ने 2007 में किया था। उन्होंने नीदरलैंड्स के सामने शतक लगाया था। होबार्ट में खेले जा रहे तीसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए। ऐसे में भारत के जीत के लिए 410 रन का टारगेट मिला है। हीली जनवरी में ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर चुकी है। उन्होंने कहा था कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास ले लेंगी। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे मुकाबले में ओपनिंग की और वनडे में आठवीं बार शतक लगाया। हीली ने 98 गेंद में 27 चौके और दो छक्के की मदद से 158 रन बनाए। उन्होंने जॉर्जिया वॉल (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 104 और बेथ मूनी (106) के साथ तीसरे विकेट के लिए 146 रन की साझेदारी की। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए हीली क अलावा बेथ मूनी ने 84 बॉल पर नाबाद 106 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 62, निकोला कैरी ने नाबाद 34 और ऐनाबेल सदरलैंड ने 23 रन बनाए।

## पीसीबी टी-20 वर्ल्डकप में प्रदर्शन से नाखुश, कई सीनियर्स का आखिरी टूर्नामेंट होगा

# पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सलमान को कप्तानी से हटा सकता है

**कराची।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा को पाकिस्तानी टीम की कप्तानी से हटाया जा सकता है। न्यूज एजेंसी PTI ने दावा किया है कि कई पाकिस्तानी सीनियर प्लेयर्स का यह आखिरी टूर्नामेंट साबित हो सकता है। टी-20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के कारण सलमान को कप्तानी से हटाया जाएगा। एजेंसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के सूत्रों के हवालों से दावा किया है कि चेयरमैन मोहसिन नकवी टीम के मौजूदा प्रदर्शन से बिल्कुल खुश नहीं हैं। पाकिस्तान की टीम 28 फरवरी को श्रीलंका के खिलाफ अपना आखिरी सुपर-8 मैच खेलने वाली है। टीम यह मैच हारी तो वर्ल्डकप से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान वर्ल्ड कप लीग मैच में भारत और सुपर 8 मुकाबले में इंग्लैंड से हार चुका है। वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 9 मुकाबलों में 8 बार हराया है। आज पाकिस्तान को अंतिम-4 में जगह बनाने के लिए श्रीलंका को कम से कम 64 रन से हराना होगा या फिर 13.1 ओवर के भीतर लक्ष्य हासिल करना होगाआज पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मैच है। कैंडी के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मैच से तय होगा कि पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचती है या फिर कीवियों को टॉप-4 में एंट्री मिलेगी। बांग्लादेश ने पिछले महीने टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।




### आगे प्रदर्शन चाहे जैसा, कप्तान का हटना तय

PCB के सूत्रों ने बताया कि चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट ने टूर्नामेंट से पहले भरोसा दिलाया था कि टीम इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं रहे। रिपोर्ट के अनुसार, टीम का आगे का प्रदर्शन चाहे जैसा भी रहे, कप्तानी में बदलाव लगभग तय माना जा रहा है। यह संकेत देता है कि बोर्ड की टॉप लीडरशिप दूरगामी रणनीति पर काम करना चाहता है।

### पिछले वर्ल्ड कप के बाद भी कप्तान बदला था

टी-20 वर्ल्ड कप-2024 से बाहर होने के बाद बाबर आजम ने 1 अक्टूबर 2024 को कप्तानी छोड़ दी थी। PCB ने 2020 में बाबर आजम को सभी फॉर्मेट का कप्तान बनाया था। बाबर की कप्तानी में टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल और 2022 के फाइनल में पहुंची थी। फिर वनडे वर्ल्ड कप 2023 में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी पद से इस्तीफा दे दिया।

हालांकि, बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले बाबर आजम को वापस से व्हाइट-बॉल क्रिकेट की कप्तानी सौंपी थी, लेकिन टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पाकिस्तान भारत और अमेरिका के खिलाफ मैच हारकर ग्रुप स्टेज राउंड के बाद ही बाहर हो गई थी। टीम बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। बांग्लादेश ने पिछले महीने टेस्ट सीरीज में पाकिस्तान को 2-0 से हराया था।

फिलहाल, पाकिस्तान की टीम सुपर-8 के ग्रुप-2 की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है। टीम के पास 2 मैच के बाद एक अंक ही है। इंग्लैंड पहले और न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर है। श्रीलंकाई टीम अपने दोनों सुपर-8 मैच हार गई है।

**मनोरंजन**

## खुद कुछ नहीं बिगाड़ पाई, अब ज्ञान दे रही कि मैं होती तो उठाकर फेंक देती

# अक्षरा ने पवन सिंह को बढ़ावा दिया : अंजलि राघव



**सोनीपत।** हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव ने भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पर पलटवार किया है। अंजलि राघव ने कहा कि अक्षरा सिंह ने ही पवन सिंह को बढ़ावा दिया और वे दोनों स्टेज पर सबके सामने किस करते थे। जब पवन सिंह ने अक्षरा सिंह को छोड़ा, तब वह उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाईं और अब वह ज्ञान दे रही है कि मैं होती तो उठाकर फेंक देती। अगस्त 2025 में लखनऊ में एक प्रोग्राम के दौरान भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने अंजलि राघव की कमर पर टच किया था। अब हाल में एक पॉडकास्ट के दौरान अक्षरा सिंह ने कहा कि उस दिन अंजलि राघव की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए। मैं अंजलि की जगह होती तो उठाकर पटक देती। पॉडकास्ट में बैठकर लैक्चर दे रहीः अंजलि राघव ने- अक्षरा सिंह का कहना है कि लड़की की गलती थी। उन्हें पता ही नहीं उस दिन हुआ क्या था। आधी-अधूरी जानकारी के साथ वह पॉडकास्ट में बैठकर लेक्चर दे रही हैं।



अंजलि राघव ने आगे कहा कि पवन सिंह का वह टच मेरे लिए बेड था, क्योंकि वह मेरी परमिशन के बिना था। हम किसी लड़की से पहली बार मिलते हैं तो ऐसे नहीं करते। अक्षरा सिंह पवन सिंह के साथ कंफर्टेबल हो जाती थी, ये गलत है।

### लखनऊ में पवन सिंह ने कमर पर टच किया

29 अगस्त 2025 को लखनऊ में एक म्यूजिक शो के दौरान अंजलि राघव और पवन सिंह ने एक साथ स्टेज पर परफॉर्मेंस दी थी। इसी परफॉर्मेंस के दौरान पवन सिंह ने अंजलि की कमर पर गलत तरीके से छुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अंजलि ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि वह मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं और यह हरकत अप्रत्याशित थी। उन्होंने भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़ने की घोषणा भी कर दी। इस विवाद के बाद पवन सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट कर माफी मांगी और लिखा, ₹मेरा इरादा गलत नहीं था, अगर अंजलि जी को बुरा लगा तो मैं क्षमा मांगता हूं। हम कलाकार हैं।

## डायरेक्टर ने बताया सैफ को 'बेखुदी' से निकालने की वजह

### राहुल रवैल बोले- गैर-जिम्मेदार रवैये के कारण हटाया



**मुंबई।** साल 1992 में सैफ अली खान बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले थे। उनकी पहली फिल्म 'बेखुदी' थी, जिसमें उन्होंने काजोल के साथ काम करने का मौका पाया था। उस समय यह प्रोजेक्ट बॉलीवुत में काफी चर्चित था और सैफ के करियर के लिए बड़ा कदम माना जा रहा था। हालांकि, बाद में वह 'बेखुदी' का हिस्सा नहीं बने और उन्होंने अभिनेता के रूप में फिल्म 'परंपरा' (1993) से शुरुआत की। जिसका निर्देशन यश चोपड़ा ने किया था सैफ खुद पहले कई इंटरव्यू में यह दावा कर चुके हैं कि उन्हें बेखुदी से इसलिए हटाया गया था क्योंकि डायरेक्टर ने उनसे कहा था कि उन्हें अपनी प्रेमिका से ब्रेक-अप कर देना चाहिए, वरना फिल्म छोड़नी पड़ेगी। इस शर्त के कारण उन्होंने शूटिंग छोड़ दी थी, ऐसा सैफ का मानना रहा है। यह बात सैफ ने साल 2020 में मुंबई मिरर को दिए इंटरव्यू में बताया था लेकिन अब 34 साल बाद 'बेखुदी' के डायरेक्टर राहुल रवैल ने इस बारे में अपनी सच्ची बात बताई है। स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि सैफ को फिल्म से इसलिए नहीं हटाया गया था कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़ने से इनकार किया।

## मेरे पास ₹1200 करोड़ का काम है : राजपाल यादव

### शिकायतकर्ता ने प्रॉपर्टी पेपर्स और सिक्योरिटी रकम ठुकरा दी



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर कॉमिक एक्टर राजपाल यादव ने मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने कहा है कि उनके पास भविष्य में 1200 करोड़ के काम और 10 फिल्मों के प्रोजेक्ट हैं। बावजूद इसके, एक पुराने चेक बाउंस मामले ने उन्हें कानूनी मुश्किलों और जेल जैसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता ने उनके द्वारा पेश किए गए प्रॉपर्टी पेपर्स और सिक्योरिटी रकम को अदालत में स्वीकार नहीं किया और सिर्फ यह चाहता था कि राजपाल जेल जाएं। राजपाल यादव ने साल 2010 में अपनी फिल्म 'अता पता लापता' को प्रोड्यूस करने के लिए एक कंपनी से लगभग 5 करोड़ लिए थे। इस रकम पर ब्याज लगाया गया, जिससे रिटर्निंग अमाउंट 10.40 करोड़ रुपये हो गया था। निर्देशक के रूप में ये उनका डेब्यू प्रोजेक्ट था, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही और राजपाल को भुगतान करना मुश्किल हो गया। इसके बाद वे कई पोस्ट डेटेड चेक देने लगे, जो बैंक में बाउंस हो गए। इस वजह से शिकायतकर्ता ने चेक बाउंस के तहत मामला दर्ज करवाया और मामला कोर्ट तक पहुंच गया। राजपाल यादव के वकील भास्कर उपाध्याय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आरोप लगाने वाले ने पहले कहा कि वे सिक्योरिटी मनी और प्रॉपर्टी पेपर्स स्वीकार करेंगे और मामला सुलझ जाएगा।

# ईरान के हमलों के बीच दुबई में फंसीं सोनल

## सुरक्षित भारत लौटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी, कहा- लौटने का कोई तरीका नहीं है

■ ईरान-इजराइल जंग के बीच दुबई के बुर्ज खलीफा को खाली कराया गया है। पूरी बिल्डिंग की लाइट्स भी बंद कर दी गई हैं।

**दुबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान इन दिनों पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण दुबई में फंसी हुई हैं। क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम के चलते कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे अभिनेत्री भारत लौटने में असमर्थ हैं। इस बीच सोनल चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सुरक्षित वतन वापसी के लिए मदद की अपील की है। पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने के बाद कई देशों ने अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुई हैं। इसके चलते दुबई सहित कई प्रमुख एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। एयर इंडिया और इंडिगो सहित प्रमुख विमानन कंपनियों ने बयान जारी कर कहा है कि वे विमानन प्राधिकरणों के साथ लगातार संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों से आधिकारिक वेबसाइट और सूचना चैनलों के माध्यम से नियमित अपडेट लेते रहने की अपील की है। सुरक्षित उड़ान मार्ग उपलब्ध होने के बाद ही सेवाएं दोबारा शुरू की जाएंगी। मौजूदा हालात को देखते हुए दुबई में फंसे भारतीय नागरिकों को भारत सरकार और भारतीय दूतावास से सहायता मिलने की उम्मीद है।



### दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फंसे यात्री

अभिनेत्री इस समय दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मौजूद हैं, जहां बड़ी संख्या में यात्री उड़ानें रद्द होने के कारण फंसे हुए हैं। एयरपोर्ट टर्मिनल पर भारी भीड़ और यात्रियों में चिंता का माहौल देखा जा रहा है। यात्री लगातार एयरलाइंस और प्रशासन की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं।

### एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

एयर इंडिया और इंडिगो सहित प्रमुख विमानन कंपनियों ने बयान जारी कर कहा है कि वे विमानन प्राधिकरणों के साथ लगातार संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एयरलाइंस ने यात्रियों से आधिकारिक वेबसाइट और सूचना चैनलों के माध्यम से नियमित अपडेट लेते रहने की अपील की है। सुरक्षित उड़ान मार्ग उपलब्ध होने के बाद ही सेवाएं दोबारा शुरू की जाएंगी। मौजूदा हालात को देखते हुए दुबई में फंसे भारतीय नागरिकों को भारत सरकार और भारतीय दूतावास से सहायता मिलने की उम्मीद है।

"'जन्नत' फिल्म से पहचान बनाने वाली सोनल चौहान ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक संदेश साझा करते हुए बताया कि वह दुबई में फंसी हुई हैं और मौजूदा संकट के बीच खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन और सहयोग की अपेक्षा जताते हुए लिखा कि उड़ानें रद्द होने के कारण भारत लौटने का कोई स्पष्ट के लिए सरकार की सहायता की उम्मीद कर रही हैं।



## भारत बहु-स्रोत रक्षा खरीद नीति जारी रखेगा, स्वदेशी उत्पादन को मिलेगा और बढ़ावा

# अमेरिका समझौते से रूस रक्षा सहयोग पर असर नहीं: राजेश

**जोर**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते का भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी सामरिक और परिचालन जरूरतों के आधार पर रूस सहित अन्य देशों से रक्षा उपकरणों की खरीद जारी रखेगा और साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन को और मजबूत करने पर विशेष जोर देगा। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में



बातचीत के दौरान रक्षा सचिव ने कहा कि भारत की रक्षा खरीद नीति पूरी तरह संतुलित और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है और इसका भारत-रूस रक्षा संबंधों से कोई टकराव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक और सक्षम बनाना है।

### रूस से रक्षा खरीद जारी रहेगी

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत लंबे समय से रूस के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए हुए है और यह सहयोग भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सैन्य जरूरतों के अनुसार रूस से हथियार और रक्षा उपकरण खरीदता रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत किसी एक देश पर निर्भर रहने के बजाय बहु-स्रोत नीति अपनाता है। जरूरत पड़ने पर भारत फ्रांस, अमेरिका और अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों को आधुनिक और सक्षम बनाना है। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में बातचीत के दौरान रक्षा सचिव ने कहा कि भारत की रक्षा खरीद नीति पूरी तरह संतुलित और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

### आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन पर सरकार का विशेष जोर

राजेश कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वदेशी रक्षा उत्पादन को और अधिक बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने रक्षा निर्माण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें घरेलू रक्षा कंपनियों को प्रोत्साहन देना, नई तकनीकों का विकास और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाना शामिल है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत रक्षा उपकरणों के निर्माण में आत्मनिर्भर बने और वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख रक्षा उत्पादक के रूप में उभरे। उन्होंने कहा कि भारत का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है और इसके लिए देश सभी आवश्यक कदम उठाता रहेगा।




### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होगा

भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में शुल्क बाधाओं को कम करने पर सहमति जताई है। इस समझौते के तहत भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा, विमानन, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोयले सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 500 अरब डॉलर तक की खरीद की मंशा जताई है। वहीं, अमेरिका ने भारत के कृषि उत्पादों जैसे मसाले, चाय, कॉफी, आम, अंगूर और काजू को अपने बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच देने पर सहमति दी है। इससे भारतीय किसानों और कृषि निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है।

**फास्ट न्यूज**

### फ्लाइट संचालन और यात्रियों की सुविधा पर खास जोर

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयर-लाइंस और अन्य संबंधित हितधारकों की तैयारियों की समीक्षा की है। मंत्रालय ने कहा कि बदलते हालात को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा और संचालन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### विदेशी निवेशकों ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में किया बंपर निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक है। इसकी वजह अंतरिम भारत-अमेरिका ट्रेड डील, घरेलू बाजार की वैल्यूएशन में कमी और कंपनियों के तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में लिवाली से पहले लगातार तीन महीने तक एफपीआई बिकवाल रहे थे। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में बढ़त रही

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। सोना 4 हजार रुपए बढ़कर 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 20 फरवरी, शुक्रवार को 1,55 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.50 लाख किलो से बढ़कर 2.67 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 17 हजार रुपए बढ़ी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

# बिना सिम नहीं चलेगा वॉट्सएप

## कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढ़े, हवाई सफर महंगा हो सकता है

नई दिल्ली, एजेंसी

1 मार्च 2026 से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज यानी रविवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं ATF के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (UTS) एप काम करना बंद कर देगा। आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में हुई है, जहां अब सिलेंडर के लिए 1875.50 चुकाने होंगे। वहीं दिल्ली में कीमत 28 रुपए बढ़कर 1768.50 हो गई है। पहले यह 1740.50 में मिल रहा था। आज से मैसेजिंग एप्स के लिए 'सिम-बाइंडिंग' नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एपस तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है। इसके अलावा अगर आप कंप्यूटर पर वॉट्सएप जैसे एप्स चलाते हैं तो लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। पहले ये एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक चलता था। क्यों लिया गया यह फैसला: अक्सर साइबर अपराधी सिम निकालकर केवल वाई-फाई के जरिए मैसेजिंग एप्स का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करते थे। अब सिम हटते ही ऐप अपने आप लॉगआउट हो जाएगा। इससे फ्रॉड रोकने में मदद मिलेगी।

66 ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हवाई ईंधन (एटीएफ) की कीमतें ₹5,500 तक बढ़ा दी है। इससे आने वाले दिनों में हवाई टिकटों के दाम बढ़ने का अनुमान है। सबसे ज्यादा दाम चेन्नई में बढ़े हैं। यहां एटीएफ 94,781.99 रुपए किलोलीटर से बढ़कर 1,00,280 किलोलीटर हो गए हैं।



## सोना ₹30 हजार बढ़कर ₹1.90 लाख तक जा सकता है, अमेरिका ईरान जंग का असर

# पेट्रोल-डीजल 10-12 रुपए तक महंगे हो सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। जंग लंबी चली और तेल मार्ग 'होर्मुज स्ट्रेट' बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत के तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90% तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें



100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास ट्रेड कर रहा हैं। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 2.67 लाख रुपए किलो है जो बढ़कर 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध के समय निवेशक 'सोने' को सुरक्षित मानते हैं। मार्केट एक्सपर्ट के अनुसार शेयर बाजार में 1-1.5% की गिरावट आ सकती है। यानी, सोमवार को सेंसेक्स 1300 अंक और निफ्टी 300 अंक तक गिर सकता है। युद्ध जैसे तनाव के समय निवेशक बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। होर्मुज स्ट्रेट करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। इसके दोनों मुहाने करीब 50 किमी चौड़े हैं, जबकि सबसे संकरा हिस्सा करीब 33 किमी चौड़ा है। इसमें आने-जाने वाले समुद्री ट्रैफिक के लिए 3 किमी चौड़ी शिपिंग लेन तय है। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। ईरान के अलावा सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं।

### होर्मुज बंद हुआ तो ईरान को भी नुकसान होगा

होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ईरान की अपनी इकोनॉमी भी तबाह हो सकती है क्योंकि वह खुद अपना तेल एक्सपोर्ट नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। अगर सप्लाई बाधित होती है, तो चीन के साथ ईरान के रिश्ते बिगड़ सकते हैं। डेटा के मुताबिक, 2025 में ईरान ने इस रास्ते से 2018 के बाद सबसे ज्यादा तेल ट्रांसपोर्ट किया है।

### सऊदी अरब के पास 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन'

होर्मुज स्ट्रेट के विकल्प के तौर पर सऊदी अरब के पास 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' है। यह 746 मील लंबी पाइपलाइन देश के एक छोर से दूसरे छोर (रेड सी टर्मिनल) तक जाती है। इसके जरिए रोजाना 50 लाख बैरल कच्चा तेल भेजा जा सकता है। भारत और अन्य एशियाई देश इस तरह के वैकल्पिक रास्तों और सुरक्षित भंडारों पर नजर बनाए हुए हैं।

## एयरटेल टॉप लूजर रही, इसकी वैल्यू ₹55,852 करोड़ घटी, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप भी घटा

# टॉप-10 कंपनियों में 9 की वैल्यू ₹2.18 लाख करोड़ घटी

मुंबई, एजेंसी

मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी कंपनियों में से 9 की वैल्यू बीते हफ्ते के कारोबार में 2.18 लाख करोड़ रुपए घट गई। इस दौरान भारती एयरटेल की वैल्यू सबसे ज्यादा घटी। एयरटेल का मार्केट कैप 55,852 करोड़ रुपए घटकर 10.71 लाख करोड़ पर आ गया। HDFC बैंक की मार्केट वैल्यू 37,580 करोड़ घटकर 13.65 लाख करोड़ पर आ गई। वहीं रिलायंस का मार्केट कैप 34,846 करोड़ रुपए घटकर 18.86 लाख करोड़ पर आ गया। इनके अलावा बजाज फाइनेंस, TCS, LIC, लार्सन एंड टुब्रो, SBI और ICICI बैंक का मर्केट कैप भी घटा। बीते हफ्ते सिर्फ हिंदुस्तान



यूनिलीवर की वैल्यू बढ़ी। HUL का मार्केट कैप 5,462 करोड़ रुपए बढ़कर 5.49 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बड़ा मार्केट कैप कंपनी को मार्केट से फंड जुटाने, लोन लेने या अन्य कंपनी एक्वायर करने में मदद करता है। वहीं, छोटे या कम मार्केट कैप से कंपनी की फाइनेंशियल डिसीजन लेने की क्षमता कम हो जाती है।मार्केट कैप बढ़ने से निवेशकों को डायरेक्ट फायदा होता है। क्योंकि उनके शेयरों की कीमत बढ़ जाती है। वही, गिरावट से नुकसान हो सकता है, जिससे निवेशक शेयर बेचने का फैसला ले सकते हैं। अगर TCS का मार्केट कैप 12.43 लाख करोड़ से बढ़ता है, तो निवेशकों की संपत्ति बढ़ेगी, और कंपनी को भविष्य में निवेश के लिए ज्यादा पूंजी मिल सकती है। लेकिन अगर मार्केट कैप गिरता है तो इसका नुकसान हो सकता है।

### मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउट-स्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

### शुक्रवार को सेंसेक्स 961 अंक गिरा था

सेंसेक्स शुक्रवार 27 फरवरी को 961 अंक (1.17%) की गिरावट के साथ 81,287 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 318 अंकों की गिरावट रही। ये 25,179 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार में रियल्टी और ऑटो शेयरों में बिकवाली का दबाव दिखा था।

# 1 अप्रैल से 20% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल अनिवार्य

## तेल कंपनियों को ई20 पेट्रोल बेचना होगा, पुरानी गाड़ियों के माइलेज पर असर संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देशभर में E20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके अनुसार, अब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेल कंपनियों को 20% एथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल ही सप्लाई करना होगा। हालांकि, देश के कई हिस्सों में E20 (20% इथेनॉल मिक्स) पेट्रोल की शुरुआत 2023 से ही हो चुकी है, लेकिन ये ऑप्शनल था। सरकार ने हाल ही में एथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया था, जिसे अब पूर्ण रूप से लागू किया जा रहा है। इस फ्यूल के लिए रिसर्च ऑक्टेन नंबर (RON) कम से कम 95 तय



किया गया है, ताकि इंजनों को सुरक्षित रखा जा सके। RON यानी फ्यूल की 'नॉकिंग' (इंजन के अंदर समय से पहले आग लगना) को रोकने की क्षमता को दिखाता है। RON यह बताता है कि पेट्रोल कितना 'मजबूत' या 'सहनशील' है। जिस पेट्रोल का RON नंबर जितना ज्यादा होगा, वह उतनी ही आसानी से इंजन के दबाव को झेलेगा और बिना किसी आवाज या झटके के सही समय पर जलेगा। इससे इंजन की लाइफ बढ़ती है और वह सुचारू रूप से चलता है। अभी तक भारत में बिकने वाला साधारण पेट्रोल का 91 RON होता है और सिर्फ 'प्रीमियम' पेट्रोल (जैसे XP95) ही 95 RON का मिलता है। इंडस्ट्री विशेषज्ञों का कहना है कि 2023 से 2025 के बीच बने ज्यादातर वाहन E-20 ईंधन के हिसाब से ही डिजाइन किए गए हैं, इसलिए उनमें कोई दिक्कत नहीं आएगी। माइलेज: पुराने वाहनों की फ्यूल एफिशिएंसी में 3% से 7% तक की गिरावट आ सकती है। पुर्जों पर असर: लंबे समय तक इस्तेमाल से पुराने इंजनों के रबर और प्लास्टिक के हिस्सों में खराबी आने की आशंका है।

## कार्य: 5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 11 दिन बैंक बंद रहेंगे

# इस महीने 18 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

मार्च 2026 में बैंकिंग से जुड़े काम करने वाले लोगों के लिए यह महीना छुट्टियों से भरा रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी आधिकारिक अवकाश कैलेंडर के अनुसार, इस महीने देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 18 दिन बैंक बंद रहेंगे। इन छुट्टियों में रविवार, दूसरे और चौथे शनिवार के अलावा विभिन्न क्षेत्रीय और राष्ट्रीय त्योहार शामिल हैं। बैंकों की अधिक संख्या में छुट्टियां होने के कारण ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे अपने जरूरी बैंकिंग कार्य पहले से ही निपटा लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। मार्च 2026 में कुल पांच रविवार पड़ रहे हैं, जिनमें देशभर के सभी बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा दूसरे और चौथे शनिवार को भी बैंकिंग सेवाएं बंद रहेंगी, क्योंकि



यह आरबीआई के नियमों के अनुसार निर्धारित साप्ताहिक अवकाश होता है। इन नियमित छुट्टियों के साथ-साथ अलग-अलग राज्यों में स्थानीय त्योहारों और विशेष अवसरों के कारण अतिरिक्त अवकाश भी घोषित किए गए हैं। मार्च महीने में घोषित 11 अतिरिक्त छुट्टियां पूरे देश में एक साथ लागू नहीं होंगी, बल्कि ये अलग-अलग राज्यों के स्थानीय त्योहारों और विशेष अवसरों के अनुसार होंगी। इसका मतलब है कि किसी राज्य में बैंक बंद रहने पर दूसरे राज्य में बैंक खुले रह सकते हैं। इसलिए ग्राहकों को अपने राज्य या शहर के अनुसार बैंक अवकाश की जानकारी जरूर जांच लेनी चाहिए।

### 3 मार्च को अधिकांश राज्यों में बंद रहेंगे बैंक

मार्च महीने की शुरुआत में ही 3 मार्च को देश के कई राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। इस दिन होली के त्योहार के कारण विभिन्न क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। होली उत्तर भारत सहित देश के कई हिस्सों में प्रमुख त्योहार के रूप में मनाई जाती है, जिसके चलते बैंक और अन्य सरकारी कार्यालय बंद रहते हैं। ऐसे में ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे नकदी निकासी, चेक क्लियरेंस या अन्य जरूरी बैंकिंग कार्य पहले से पूरा कर लें।

### शेयर बाजार भी 12 दिन रहेगा बंद

मार्च 2026 में बैंकिंग क्षेत्र के साथ-साथ शेयर बाजार में भी कई दिनों तक कारोबार नहीं होगा। इस महीने कुल 12 दिन शेयर बाजार बंद रहेगा। इनमें शनिवार और रविवार के 9 साप्ताहिक अवकाश शामिल हैं। इसके अलावा प्रमुख त्योहारों के कारण भी शेयर बाजार बंद रहेगा।

### जरूरी काम पहले निपटाने की सलाह

बैंक अधिकारियों और वित्तीय विशेषज्ञों ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे मार्च महीने में बैंकिंग छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी वित्तीय कार्य पहले ही पूरा कर लें। विशेष रूप से चेक जमा करना, नकदी निकासी, ड्राफ्ट बनवाना या अन्य जरूरी कार्यों को समय रहते निपटाना बेहतर रहेगा। डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के कारण अब ग्राहकों के पास कई विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे बैंक बंद होने के बावजूद उनके अधिकांश कार्य आसानी से पूरे किए जा सकते हैं। मार्च महीने में अधिक संख्या में बैंक छुट्टियों के चलते ग्राहकों को अपनी बैंकिंग योजनाओं को पहले से व्यवस्थित करने की जरूरत होगी।

# अमेरिकी रक्षा विभाग के नेटवर्क पर ओपन-एआई का इस्तेमाल होगा

## सैम ऑल्टमैन और पेंटागन में समझौता, एंथ्रोपिक को बैन कर ट्रंप सरकार ने दी जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

सैम ऑल्टमैन की कंपनी ओपन-एआई (OpenAI) और अमेरिकी रक्षा विभाग (DoW) के बीच एक बड़ा समझौता हुआ है। इसके तहत ओपन-एआई अपने कुछ मॉडल्स को पेंटागन के क्लासिफाइड (गोपनीय) नेटवर्क पर तैनात करेगा। ओपन-एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओपन-एआई की प्रतिद्वंद्वी कंपनी 'एंथ्रोपिक' (Anthropic) की टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश दिया है। बता दें कि अमेरिकी सेना चाहती है कि युद्ध और निगरानी के लिए उसे एआई का बिना किसी रोक-टोक के एक्सेस मिले, जिसे एंथ्रोपिक ने अपनी पॉलिसी के खिलाफ बताया था। इसी के चलते सरकार ने ये कदम उठाया है। सैम




ऑल्टमैन ने बताया कि रक्षा विभाग के साथ हुए इस समझौते में सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि पेंटागन ने एआई सेफ्टी के प्रति सम्मान दिखाया है। हमारे बीच हुए एग्रीमेंट में दो मुख्य बातें शामिल हैं पहली, घरेलू स्तर पर मास सर्विलांस (सामूहिक निगरानी) पर रोक होगी और दूसरी, स्वायत्त हथियार प्रणालियों (अटोनोमस वेपन्स) सहित बल के प्रयोग की जिम्मेदारी इंसानों के हाथ में ही रहेगी। ऑल्टमैन के मुताबिक, रक्षा विभाग इन सिद्धांतों पर सहमत है और इन्हें कानून व नीतियों में भी जगह दी गई है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96